■ वर्ष-46 ■ अंक-217 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-1 रू. ■ नगर संस्करण भोपाल, मंगलवार 4 जुलाई 2023 RNI/39534/81 MP/BHOPAL/4-102/2022-23

दैनिक निष्पक्ष एवं निर्भीक समाचार
# सतपुड़ा वाणी
www.stpv.live संस्थापक : स्व. ज्ञान प्रकाश बाली satpuravani@yahoo.co.in

## महाराष्ट्र की राजनैतिक में पवार का पावर संकट में

### एक्शन मोड में शरद पवार ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए -

# प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को एनसीपी से हटाया

### अजित पवार ने नई टीम बनाई, प्रफुल्ल पटेल बोले- एनसीपी का प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को बनाया



**एजेंसी, मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल का नाम एनसीपी पार्टी के सदस्यों के रजिस्टर से हटाने का आदेश दिया। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते मैंने महाराष्ट्र (प्रदेश अध्यक्ष) कि जिम्मेदारी सुनील तटकरे को देने का फैसला किया है। पटेल ने कहा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष होने के नाते मैंने महाराष्ट्र (प्रदेश अध्यक्ष) की ज़िम्मेदारी सुनील तटकरे को देने का फैसला किया है.अनिल भाईदास पाटिल को हमने फिर से महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। सुनील तटकरे ने कहा मैंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। मैं महाराष्ट्र में पार्टी को मज़बूत करूंगा। मैंने पार्टी के सभी नेताओं को विश्वास में लिया है। मैंने सभी विधायकों और ज़िला परिषद नेताओं की बैठक भी बुलाई है। पच्चीस साल पुरानी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दो टुकड़ों में बंटने के बमुश्किल 24 घंटे बाद 83 वर्षीय सुप्रीमो शरद गोविंदराव पवार अपने सर्वश्रेष्ठ कौशल में वापस आ गए - चुनौती से लड़ते हुए जो वह पिछले 55 साल के अपने राजनीतिक जीवन में करते रहे हैं, लेकिन एक भी हथियार इस्तेमाल किए बिना। इस बार, राजनीतिक युद्ध एक आंतरिक प्रति द्वंद्वी के साथ लड़ा जा रहा है - उनके भतीजे अजीत अनंतराव पवार, जिन्हें अपराधी करार दिया गया है, जिन्होंने सत्तारूढ़ शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी के शत्रु शिविर के साथ समर्थन करने के लिए पार्टी को तोड़ दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल में भाजपा के देवेन्द्र फड़णवीस के साथ दूसरे उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हुए 2 जुलाई को अजित पवार को देखकर अधिकांश राजनीतिक नेताओं रविवार दोपहर के भोजन के बाद नींद उड़ गई। शाम तक युद्ध की रेखाएँ खींची गई, शरद पवार ने युद्ध का बिगुल बजा दिया, यहां तक कि अपना हाथ उठाया और घोषणा की कि वह पार्टी में सबसे विश्वसनीय व्यक्ति हैं, साथ ही वह सतारा में दिवंगत वाई.बी. चव्हाण की समाधि पर आशीर्वाद लेंगे। सोमवार को शुभ 'गुरु पूर्णिमा दिवस' पर राजनीतिक युद्ध का शंखनाद होगा। आज सुबह जब उनका लंबा काफिला पुणे से सतारा की ओर बढ़ा तो हजारों समर्थक और आम लोग, जिनमें ज्यादातर युवा और महिलाएं थीं, उनसे मिलने और उनका स्वागत करने के लिए कतार में खड़े थे। वे उनके पक्ष में नारे लगा रहे थे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे थे। कराड कस्बे में उनका स्वागत वरिष्ठ कांग्रेसी और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, सतारा के राकांपा सांसद श्रीनिवास पाटिल, राज्य राकांपा अध्यक्ष जयंत पाटिल के बेटे प्रतीक पाटिल और पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत आर.आर. पाटिल के बेटे रोहित पाटिल और चचेरे पोते विधायक रोहित पवार ने किया। संयोग से, सतारा जहां से शरद पवार ने आज अपनी नई लड़ाई शुरू की, वह 2019 के लोकसभा उपचुनाव युद्ध के भव्य समापन का स्थान था।

### एनसीपी में टूट ये शरद पवार का पॉलिटिकल ड्रामा, कौन किसका दुश्मन पता नहीं- राज ठाकरे



*एजेंसी, मंबई। महाराष्ट्र की हलचल पर राज ठाकरे का बयान सामने आया है. एनसीपी में टूट पर राज ठाकरे ने कहा कि ये शरद पवार का पॉलिटिकल ड्रामा है। कौन किसका दुश्मन पता नहीं हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की, जबकि पार्टी के 8 अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। जिसके बाद महाराष्ट्र राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने अजित पवार समेत 8 मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी नौ विधायकों को दल-बदल कानून के तहत अयोग्य घोषित करने की मांग कर दी है।*

## संक्षिप्त खबरे

### आज शिवराज कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा स्थापना का प्रस्ताव

**एजेंसी, भोपाल** प्रदेश के देवास, धार, शाजापुर, आगर, उज्जैन, छिंदवाड़ा सहित 12 जिलों के 22 विकासखंडों में आइटीआइ की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इन विकासखंडों में आइटीआइ की स्थापना से प्रदेश के सभी विकासखंडों में आइटीआइ हो जाएंगे। इसके अलावा बैठक में संत रविदास सांस्कृतिक एकता न्यास, भारतीय जनता पार्टी मंदसौर के कार्यालय, विश्राम गृह और पार्किंग के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने आदिपुरुष के खिलाफ याचिका 27 जुलाई के लिए की स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952 के तहत फिल्म 'आदिपुरुष' को दिए गए प्रमाणन को चुनौती देने वाली एक दक्षिणपंथी समूह की याचिका को 27 जुलाई के लिए स्थगित कर दी। ओम राउत द्वारा निर्देशित यह फिल्म 16 जून को देशभर में रिलीज हुई थी और जनहित याचिका में दावा किया गया है कि फिल्म के पात्र हिंदू महाकाव्य रामायण में इन धार्मिक शख्सियतों के चित्रण से भटक गए हैं। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ ने मामले को स्थगित कर दिया।

### प. बंगाल में टीएमसी उम्मीदवार के पिता की हत्या, भाज़पा नेता का शव मिला, कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली मारी

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई पंचायत चुनाव है। इससे पहले राज्य में हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। 24 परगना में टीएमसी कैंडिडेट के पिता की हत्या हो गई है। वहीं, 24 परगना में ही क्रूड बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला है। मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली मारी गई। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होने के बाद से अब तक हिंसक घटनाओं में 10 लोग मारे गए हैं। पिछले 24 घंटे में राज्य में चार हिंसक घटनाएं हुई हैं।

### धनशोधन मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की खारिज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि वह फिलहाल जमानत के हकदार नहीं हैं। अदालत ने सिसोदिया के अलावा उद्योगपति अभिषेक बोइनपल्ली, बिनॉय बाबू और विजय नायर की याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

### इज़रायली सेना ने फिलिस्तीन पर किया जबरदस्त ड्रोन हमला, वेस्ट बैंक में 5 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, यरूशलेम।** इजरायल और फिलिस्तीन में अर्से से चली आ रही जंग रुकने का नाम नहीं ले रही। सोमवार को सुबह इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में उग्रवादियों के गढ़ में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए। इस दौरान पांच फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया। साथ ही इलाके में सैकड़ों सैनिकों को तैनात किया गया है। ये ड्रोन हमले दो दशक पूर्व दूसरे फलस्तीनी विद्रोह के दौरान बड़े पैमाने पर किए गए सैन्य हमलों की याद दिलाते हैं। इजराइली सैनिक सोमवार की सुबह जेनिन शरणार्थी शिविर में घुसे और एक साल से अधिक समय से चल रहे संघर्ष के दौरान इलाके में सबसे बड़ा अभियान चलाया।

### मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना पोर्टल में युवाओं के पंजीयन का आज सीएम करेंगे शुभारंभ

#### राज्य स्तरीय कार्यक्रम रवीन्द्र भवन में

**एजेंसी, भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को पंजीकृत औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ऑन जॉब ट्रेनिंग की सुविधा के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आवेदकों की पंजीयन प्रक्रिया का रवीन्द्र भवन भोपाल में दोपहर 12 बजे शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान एक युवा का पोर्टल पर पंजीयन फॉर्म भरवायेंगे और उसे योजना की प्रक्रिया से अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री कॉलेज की छात्र-छात्राओं से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्व.प्र) इंदर सिंह परमार विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और ऊर्जा विभाग के हितग्राही सहित लगभग 1600 युवा शामिल होंगे। कार्यक्रम का सभी कॉलेज, स्कूल और तकनीकी शिक्षा के संस्थानों पर सीधा प्रसारण होगा।



#### पीएम मोदी ने बुलाई बड़ी बैठक : मंत्रियों से कहा -

### 'अपना रिपोर्ट कार्ड साथ लाएं सभी मंत्री'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी बैठक बुलाई है। पीएम मोदी ने यह मीटिंग प्रगति मैदान के कन्वेक्शन सेंटर में बुलाई है। इस बैठक में शामिल होने के लिए सभी मंत्रियों को कहा गया है। यहां सभी मंत्री अपने-अपने विभागों के कामों का ब्यौरा देंगे। इसी के आधार पर मोदी सरकार के कैबिनेट में फेरबदल किया जाएगा।

**पिछले फेरबदल में बाहर किए गए थे कई बड़े चेहरे**

बता दें कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब तक केवल एक बार फेरबदल किया गया है। उस दौरान भी कई बड़े नेताओं को कैबिनेट से बाहर का रास्ता दिखाया था, जिनमें से रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, हर्षवर्धन सिंह और संतोष कुमार गंगवार के नाम प्रमुख थे। इसके साथ ही फेरबदल में कई नए चेहरों को कैबिनेट में जगह दी गई थी। माना जा रहा है कि इस बार कुछ ऐसा ही होने वाला है।

**29 जून को पीएम मोदी के आवास पर भी हुई थी बैठक**

वहीं से पहले बुधवार 29 जून को पीएम मोदी के आवास पर भी एक बैठक हुई थी। इस बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल हुए थे। जानकारी के अनुसार, इस बैठक में कैबिनेट और संगठन में फेरबदल को लेकर चर्चा हुई थी। यह बैठक 4 घंटे से भी ज्यादा समय तक चली थी। इससे पहले पिछले दिनों जेपी नड्डा, अमित शाह और बीएल संतोष की कई बड़े संघ नेताओं के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं।

### मध्य प्रदेश सहित 5 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदलेगी भाजपा, बदलाव पर की चर्चा- 6,7, और 8 जुलाई को बैठकों का दौर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा पांच राज्यों (मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, तेलंगाना और केरल) के प्रदेश अध्यक्ष को बदलने जा रही है। कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि मोदी कैबिनेट में भी बदलाव हो सकता है। 6,7 और 8 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और सभी मोर्चों के अध्यक्ष क्षेत्रीय नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बीच पंजाब के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। हालांकि, अभी तक इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस से भाजपा में आए सुनील जाखड़ को पंजाब भाजपा की कमान सौंपने की चर्चा है। 28 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा सहित कई दिग्गज नेताओं के साथ बैठक की थी।

### विपक्ष दलों की दूसरी बैठक 17-18 जुलाई को, संसद के मानसून सत्र से 2 दिन पहले



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि विपक्षी दलों की दूसरी बैठक 20 जुलाई को शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से दो दिन पहले 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी।एक ट्वीट में, कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, पटना में बेहद सफल सर्व-विपक्ष बैठक के बाद, हम अगली बैठक 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा, हम फासीवादी और अलोकतांत्रिक ताकतों को हराने और देश को आगे ले जाने के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण पेश करने के अपने अटूट संकल्प पर कायम हैं। इस बीच, कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि उसने उन सभी दलों को निमंत्रण भेजा है, जो 23 जून को बिहार के पटना में समान विचारधारा वाले दलों की पहली बैठक में शामिल हुए थे। आम आदमी पार्टी के साथ भी एक निमंत्रण साझा किया गया है और यह उन पर निर्भर है कि वे बैठक में शामिल होना चाहते हैं या नहीं। सूत्र ने कहा कि संसद के मानसून सत्र से पहले बैठक आयोजित करने का निर्णय इस लिए लिया गया, क्योंकि कई दलों ने 13 और 14 जुलाई को अपने कार्यक्रमों के बारे में सूचित किया था।

#### उत्साह — सीएम ने तेंदूखेड़ा में आँगनवाड़ी के प्रतिनिधियों से चर्चा की, कहा-

### जन-कल्याणकारी योजनाओं में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका

**एजेंसी, नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए हाल ही में उनके हितों में अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा में आँगनवाड़ी और रोजगार सहायकों के संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. विश्वास कैलाश सारंग, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह और श्रीमती साधना सिंह भी मौजूद थी।

**सीएम को भेंट किया गया अभिनंदन-पत्र**

तेंदूखेड़ा के मंडी प्रांगण में रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के संगठन ने हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा उनके हितों में की गई घोषणाओं के संदर्भ में उन्हें अभिनंदन-पत्र और स्मृति-चिन्ह भेंट किया।

**मुख्यमंत्री का लाड़ली बहनों ने किया स्वागत**



मुख्यमंत्री चौहान का तेंदूखेड़ा के ग्राम हीरापुर, उमरपानी, भूरासुन्हेटी, टेकापार, ग्वारी तिराहा, मनकापुर तिराहा, भामा और अन्य स्थानों पर लाड़ली बहनाओं ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्राम भामा में ग्रामीणों की माँग पर शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकण्डरी स्कूल में परिवर्तित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये संकल्पित है। इसी के अनुरूप मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की गई है। इस योजना में पात्र बहनों के खाते में हर माह की 10 तारीख को नियमित रूप से 1000 रूपये की राशि अंतरित होती रहेगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ अब 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को भी मिलेगा। इसके लिये जल्द ही पोर्टल शुरू किया जाएगा।

# विपक्ष की खाट खड़ी करने की जुगत में भाजपा, कांग्रेस भी कर रही बिस्तर गोल



मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष की खाट खड़ी करने का मन बना लिया है। इस बारे में वह बहुत तेजी से प्रयास करती दिखाई भी दे रही है। इन्हीं कवायदों के तहत एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहडोल जिले के पाकरिया गांव में आये थे। ज्ञात हो कि अभी हाल ही में मोदी भोपाल आए थे और यहां अपनी पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने में व्यस्त रहे। इसी के साथ उन्होंने पांच वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। अब एक बार फिर उनका आगमन मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में हुआ। केवल 3 दिन के अंतर से उनका इतनी जल्दी मध्यप्रदेश में दोबारा आना यह साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी इस विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव को पूरी गंभीरता से ले रही है। जहां तक विपक्ष की खाट खड़ी करने की बात है तो नरेंद्र मोदी यह कार्य शहडोल जिले के पाकरिया गांव में खाट पर बैठकर करने की मंशा रखते हैं। अब उनके संवाद स्थल से कुर्सियां तखत, अन्य लग्जरी संसाधन हटाकर उनके स्थान पर प्रधानमंत्री और क्षेत्रीय लोगों के लिए खाट बिछाई गई थी। यानी कि राजा और प्रजा एक साथ खाटों पर बैठकर ही बातचीत कर सके। इसके लिए माकूल इंतजामात किया गया था। वाटरप्रूफ डोम लगाया? पानी नहीं आने की सुनिश्चितता ऐसी कि ठेकेदार को चेतावनी दे दी थी। यदि एक बूंद पानी भी अंदर आया तो खैर नहीं। ऊपर नीचे और आसपास से पानी आने की आशंकाओं को निर्मूल किया गया। यहां तक कि नई नालियां भी बनाई गई।।।... कांग्रेस की ओर से फिलहाल ऐसे बड़े नेताओं की सभा, रैली, जनसंपर्क जैसे कार्यक्रमों का अभाव बना हुआ था। लेकिन बयानबाजी में इस पार्टी के नेता किसी से भी पीछे नहीं हैं। इसी पार्टी के एक नेता फूल सिंह बरैया जो कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के क्षेत्र में अपने विचार व्यक्त किए तो एक प्रकार से अपना आपा ही खो बैठे। उन्होंने कहा कि यदि इस बार नरोत्तम मिश्रा दतिया जीत कर दिखा दें तो मैं अपना नाम बदल लूंगा। हम दतिया में जाकर ही उन्हें कुचलेंगे। उधर कलेक्टर एसपी को भाजपा का एजेंट करार देते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया कि मध्यप्रदेश में हमारी सरकार आई तो इन दोनों को उल्टा लटकाऊंगा। बता दें कि फूल सिंह बरैया क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित कर रहे थे। बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस में आए बरैया पहले भी अनेकों बार विवादास्पद बयान देकर चर्चाओं में आते रहे हैं। उनके इस बयान की निंदा की जा रही है। भाजपा खेमा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस भाषण को अनुशासनहीनता, विधि विरोधी और अमर्यादित बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इस कार्य का जिम्मा कांग्रेस से भाजपा में गए नरेंद्र सिंह सलूजा ने अपने कंधों पर उठा रखा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पीसीसी अध्यक्ष कमल नाथ के पोस्टर वार के बीच फोनपे के उतर आने से लड़ाई और अधिक रोचक हो गई है। फोनपे का कहना है कि कॉन्ग्रेस द्वारा प्रायोजित पोस्टर में उसी कंपनी का ब्रांड, लोगो और कलर इस्तेमाल हुए हैं। इस कंपनी ने जब कांग्रेस को पोस्टर हटाने के लिए कहा तथा ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, तो कांग्रेसी भी अपनी पर आ गए। उन्होंने फोनपे को धौंस दी है कि यदि तुमने करनी में कोई कसर नहीं छोड़ी तो हम भी तुम्हारे ऐप अनइनस्टॉल करने में पूरी ताकत झोंक देंगे। अब फोनपे असमंजस में है कि क्या करें और क्या ना करें। उधर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा फोनपे की ओर से शिकायत का इंतजार कर रहे हैं। उनकी मंशा है कि फोन पे कांग्रेस के खिलाफ आपराधिक मामला पंजीबद्ध कराए तो उन्हें विरोधियों को इस कार्रवाई के तहत पुलिस के माध्यम से घरों से उठाने का अवसर प्राप्त हो। सत्ता पक्ष चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की गरज से हर हथकंडा अपना रहा है। उदाहरण के लिए अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर मध्यप्रदेश में आये। शहडोल जिले के पकरिया गांव में संवाद कार्यक्रम के बाद उनके द्वारा दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करने का प्रोग्राम भी था। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह समारोह रतलाम अथवा मंदसौर मैं आयोजित किया जा सकता है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जावरा पहुंच गये। ईद के दिन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ताला क्या लगा भाजपा ने उसी को राजनीतिक मुद्दा बना दिया। इस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने ट्वीट किया है कि एक मुस्लिम नेता द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी से दफ्तर में कुर्बानी देने की चेतावनी दी थी। इससे घबराकर कांग्रेसियों ने अपना दफ्तर ही बंद कर दिया है। भाजपाई सोशल मीडिया एक्सपर्ट टीम को इस वीडियो को जोर-शोर से वायरल करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा दिखाई भी दे रहा है। दमोह में सरकारी राशन दुकान के सेल्समैन द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और आतंक का नमूना बताया है। क्षेत्रीय नेता कह रहे हैं कि काली कमाई का जरिया बन चुकी सरकारी राशन दुकानों पर सत्ता पक्ष के नेताओं की गिद्ध दृष्टि है। अतः इन्हें हथियाने के लिए सभी प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संभवतः इन्हीं कवायदों से परेशान होकर सेल्समैन ने आत्महत्या की हो। इस बाबत उच्च स्तरीय जांच की दरकार है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और उनके समर्थकों के इर्द-गिर्द घूम रही इस घटना को कांग्रेस द्वारा हाथों-हाथ लिए जाने की पूरी संभावना है। कुछ दिनों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया की जुगलबंदी चर्चा का विषय बनी हुई है। इन तीनों नेताओं का एक साथ दौरे करना यह संकेत दे रहा है कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में एक चेहरे पर निर्भर रहना नहीं चाहती। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह पार्टी विकल्प के तौर पर सिंधिया और तोमर को मुखयमंत्री के आजू-बाजू रखकर मतदाताओं के बीच व्यापक संदेश पहुंचाने का काम कर रही है। असलियत क्या है भाजपा ही बेहतर बता पाएगी। लब्बोलुआब यह कि फिलहाल पक्ष विपक्ष के बीच एक दूसरे की खाट खड़ी करने और बिस्तर गोल करने की कवायदें चरम पर हैं।



प्रसंगवश
राजकुमार बाली

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वाटर कैनन से खदेड़ा

# इंदौर में नगर निगम घेरा, महापौर का पुतला फूंका संपत्ति कर में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन

**इंदौर।** इंदौर में नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर खदेड़ा। कांग्रेस संपत्ति कर में 30 से 60 फीसदी की वृद्धि को लेकर विरोध कर रही है। इसका असर 531 कॉलोनियों पर पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर के महापौर का पुतला भी फूंका। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर हल्का बल प्रयोग किया है। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए सुबह से पुलिस के आला अफसर और कई थाना प्रभारी घेराव के पहले ही निगम मुख्यालय पहुंच गए थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग करा दी थी। कांग्रेसियों का प्रदर्शन जब उग्र हो गया तो पुलिस को दो बार वाटर कैनन चलानी पड़ी। हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री और विधायक जीतू पटवारी, विधायक संजय शुक्ला, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सहित कांग्रेस पार्षद भी शामिल हुए। वाटर कैनन से राजू भदौरिया, पिंटू जोशी, स्विप्नल कांबले, रमीज खान, साक्षी शुक्ला, अमित चौरसिया, चिंटू चौकसे सहित कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता घायल हुए हैं। रेट जोन में बदलाव की वजह से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की दरों में भी 30 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है।



कांग्रेस इसी का विरोध कर रही है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि एक तरफ तो महापौर दावा कर रहे हैं कि निगम ने नागरिकों को राहत देते हुए कोई नया कर नहीं लगाया है। दूसरी तरफ गुपचुप तरीके से रेट जोन में बदलाव कर दिया गया। इससे शहर की 531 कालोनियों के लाखों लोगों पर टैक्स की मार पड़ रही है। हमने इस संबंध में कुछ दिन पहले ही महापौर को ज्ञापन देकर बदलाव का विरोध किया था। इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ।

**निगम सुविधा बढ़ाने के नाम पर खोद रही गड्ढे**

नेता प्रतिपक्ष चौकसे ने आरोप लगाया कि निगम सुविधाएं देने के नाम पर शुल्क बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ आमजन को कोई सुविधा नहीं मिल रही। सड़कों पर जो गड्ढे खोदे जा रहे हैं, उन्हें भरा तक नहीं जा रहा। इदरीस नगर में हुआ हादसा इसी का परिणाम है। ऐसे ही मौत के गड्ढे पूरे शहर में खुदे पड़े हैं। निगम हर बार किसी हादसे के बाद व्यवस्था सुधारने के बजाय दिखावटी कार्रवाई कर देता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### महापौर बोले कांग्रेस का प्रदर्शन महज राजनीतिक स्टंट

कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर दुनिया में स्वच्छता का सिरमौर है। हम सोलर और डिजिटल की ओर आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की गुटीय राजनीति को साधने की दृष्टि से दिखावे का प्रदर्शन कहीं ना कहीं इंदौर की गरिमा और संस्कृति के खिलाफ है। मेयर ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस के नेता पार्षद पति खुलेआम नगर निगम के कर्मचारियों को धमका रहे हैं। ये इंदौर की राजनीति के संस्कार और संस्कृति को प्रदर्शित नहीं करता है। कहीं ना कहीं इस प्रकार के कृत्य इंदौर के संस्कार के खिलाफ हैं। कांग्रेस का यह प्रदर्शन सिर्फ चुनावी स्टंट है। एक तरफ इंदौर नगर निगम दुनिया में एनआरआई और जी-20 सम्मेलन के माध्यम से अपने परचम गाड़ रही है।

## टमाटर खरीदकर बंदूक के साए में PCC लेकर पहुंचे कांग्रेसी

# ब्रीफकेस में रखी सब्जियां, बोले-दाम इतने ज्यादा हो गए कि लूट का खतरा बढ़ गया



**भोपाल।** टमाटर सहित तमाम सब्जियों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टमाटर और सब्जियों के दामों में हुई बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता 5 नंबर सब्जी मार्केट पहुंचे। वहां से टमाटर, धनिया, अदरक खरीदकर उसे ब्रीफकेस में रखकर केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीसीसी दफ्तर पहुंचे।

**बंदूक के साए में सब्जी लेकर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता**

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, रघुनंदन शर्मा के साथ कांग्रेस प्रवक्ता सिद्धार्थ राजावत, विक्की खोंगल, सिद्धार्थ सिंह राजावत, कुंदन पंजाबी, अभिनव बरोलिया, फिरोज सिद्दीकी, विनय सिंह राजपूत बाजार से सब्जी लेकर बंदूक (एयरगन) लेकर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता विक्की खोंगल ने कहा कि लगातार टमाटर, अदरक सहित तमाम खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। केन्द्र सरकार मंहगाई को काबू करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। हालात ऐसे हैं कि आज टमाटर और पेट्रोल के रेट बराबर हो गए हैं। हमें डर है कि कहीं कोई हमसे सब्जियां लूटकर न ले जाए इसलिए सांकेतिक रूप से हमने सब्जी खरीदने के बाद उसे एयरगन के साए में लेकर आए हैं। और सब्जियों को पीसीसी की तिजोरी में संभालकर रखा है ताकि चोरी न हो जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### इंदौर हाइकोर्ट के सामने से युवती का मोबाइल छीन ले गए बदमाश, घटना सीसीटीवी में कैद

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में हाइकोर्ट के सामने फोन पर बात करते हुए पैदल जा रही युवती का मोबाइल दो बाइक सवार बदमाश आकर झपट ले गए। बदमाशों ने इस तरह मोबाइल छिना कि युवती सड़क पर नीचे गिर गई। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। इंदौर में बदमाशों ने इस तरह मोबाइल छिना कि युवती सड़क पर नीचे मुंह के बल गिर गई। जानकारी अनुसार प्रियांशी पुत्री दीपक निवासी वल्लभ नगर मोबाइल पर बात करते हुए हाईकोर्ट के सामने से पैदल जा रही थी। तभी बाइक पर दो बदमाश आए और झपट्?टा मारकर मोबाइल लूटा। युवती ने मोबाइल नहीं छोड़ा तो चलती बाइक पर उसे हाथ पकड़कर बदमाश ने खींच लिया, जिसमें वह सड़क पर मुंह के बल गिर गई।

### 22 नग नशीले इंजेक्शन समेत धराया आरोपी

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर बादशाह हलवाई मंदिर के समीप एक नाले के पास नशीले इंजेक्शन बेच रहे युवक को हुलिए के आधार पर दबोच लिया। युवक के पास रखे थैले की तलाशी के दौरान 22 नग नशीले इंजेक्शन व 10 सिरेंज जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ 5/13 मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे अभिरक्षा में लिया गया। ग्वारीघाट थाना प्रभारी श्रीमती भूमेश्वरी चौहान ने बताया कि कल मुखबिर से उन्हें सूचना मिली कि बादशाह हलवाई मंदिर गली नं.-1 निवासी जितेन्द्र चौधरी उर्फ जित्तू एक नाले के पास खड़े होकर नशीले इंजेक्शन बेचकर अवैध कमाई कर रहा है। पुलिस ने जब मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी तो एक युवक पीला रंग का थैला रखे खड़ा दिखा। जिसके आसपास काफी भीड़ थी। युवक लोगों को इंजेक्शन देकर पैसे रा रहा था।

### एनएसयूआइ ने की जिला अध्यक्षों की नियुक्ति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश एनएसयूआइ ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की और सभी 52 जिलों के अध्यक्षों की लिस्ट जारी कर दी है। भोपाल में अक्षय तोमर, इंदौर में रजत पटेल, ग्वालियर में पवन शर्मा व जबलपुर में सचिन रजक को कमान सौंपी गई है। जिला अध्यक्षों की लिस्ट पहले 16 मई को जारी हुई थी और बाद 18 मई को इस पर रोक लगा दी गई थी। अब इसे फिर से जारी कर दिया गया है। यह सूची एनएसयूआइ के राष्ट्रीय सचिव व मप्र व दिल्ली के प्रभारी नीतीश गौर ने जारी की है।

# पं. प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## करीब 4 लाख श्रद्धालु जुटे ; बड़ी संख्या में लोगों ने ली गुरु दीक्षा



**सीहोर।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर सीहोर स्थित पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सोमवार शाम 4 बजे तक करीब 4 लाख श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। कुबेरेश्वर धाम में 1 से 3 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसका आज आखिरी दिन है। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में यहां दीक्षा समारोह का भी आयोजन किया गया है। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ली है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने दैनिक भास्कर से बात करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान वेद व्यास सुखदेव जी महाराज का पूजन, यज्ञ अनुष्ठान के साथ अभिषेक किया जा रहा है। कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन से लेकर रुकने तक की व्यवस्था की गई है। कथा पंडाल भी बनाया गया है।

### कोई वाहन से तो कोई पैदल ही पहुंचा

कुबेरेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पहले दिन शनिवार को करीब एक लाख जबकि दूसरे दिन रविवार को करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंचे। कोई अपने वाहनों से यहां पहुंचा तो कोई पैदल। कुछ भक्त तो साष्टांग दंडवत प्रणाम करते हुए यहां आए। गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### 40 एकड़ में 2 पंडाल का निर्माण

यहां करीब 40 एकड़ के मंदिर परिसर में दो बड़े पंडाल बनाए गए हैं। एक पंडाल में गुरु दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तो दूसरे पंडाल में प्रवचन चलते रहे। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कि हर साल गुरु के प्रति अपनी आस्था दिखाने के लिए आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है।

# भोपाल में होगी अग्निवीर भर्ती शारीरिक परीक्षा

**भोपाल।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के तहत शारीरिक परीक्षा अगस्त के आखिरी सप्ताह से शुरू होगी। इस बार शारीरिक प्रवीण्यता परीक्षा को लेकर सबसे बड़ा बदलाव हुआ है। यह परीक्षा भोपाल में होगी। इससे पहले ग्वालियर, सागर, छतरपुर, शिवपुरी जिले में शारीरिक भर्ती परीक्षा हुआ करती थी। पहली बार ग्वालियर के सेना भर्ती कार्यालय द्वारा किसी दूसरे भर्ती सेंटर के जिले में शारीरिक परीक्षा करवाई जा रही है। ग्वालियर के सेना भर्ती कार्यालय के तहत प्रदेश के 14 जिले आते हैं। इसमें भोपाल शामिल नहीं है। पहले आसपास के जिलों में शारीरिक भर्ती होती थी, जहां कई बार उसी दिन अभ्यर्थी पहुंच जाते थे, लेकिन अब भोपाल जाना होगा। इसलिए एक दिन पहले ही निकलना होगा। दरअसल भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में इस साल बदलाव कर पहले लिखित परीक्षा करवाई गई। ग्वालियर स्थित सेना भर्ती कार्यालय को करीब 400 पदों पर भर्ती करना है। इसके चलते 21 हजार अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। अब उन्हीं की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा होगी। परीक्षा परिणाम तो अप्रैल में आ चुका है, लेकिन अभी गर्मी के चलते शारीरिक प्रवीणता परीक्षा टाल दी गई है। सेना के अधिकारियों ने बताया बीते रोज इस संबंध में बैठक हुई। इसमें तय हुआ अगस्त के आखिरी सप्ताह से शारीरिक परीक्षा शुरू हो जाएगी।

# अब टमाटर से आगे मिर्ची200 रु. किलो तक बिक रही

### अधिकतर सब्जियों के रेट 60 किलो से ज्यादा

**भोपाल।** सब्जियों के रेट हाई हैं... कद्दू, अरबी को छोड़ दिया जाए तो एक भी सब्जी ऐसी नहीं है जो 60 रुपए प्रति किलो के दाम से कम पर बिक रही है। रविवार को तो मिर्ची, टमाटर से आगे निकल गई। टमाटर जहां 160 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं, मिर्ची फुटकर में 200 रुपए किलो तक बिक रही है। ऐसे में धनिया भी कहां पीछे रहने वाला है। रविवार को मंडियों में धनिया का 300 रुपए किलो तक बिका। गोभी, भिंडी, लौंकी के दामों में भी उछाल आना शुरू हो गया है। सब्जी व्यापारी राजेश गुप्ता ने बताया कि सब्जियों की आवक कम हो गई है, इसलिए रेट लगातार बढ़ रहे हैं। पुरानी फसल समाप्ति की ओर है। ऐसे में जिनके पास सब्जी हैं वे ही ऊंचे दामों में बेच रहे हैं।

### धनिया के रेट 300/किलो



फुटकर बाजार में अधिकांश सब्जियां 60 रुपए किलो तक पहुंच गई हैं। धनिया ही 300 रुपए किलो तक पहुंच गया है। हाट बाजार में ही यह 30 रुपए का 100 ग्राम बिका। अदरक भी 240 रुपए किलो तक बिका।

### पानी बरसा तो और रेट बढ़ेंगे

सब्जियों के थोक व्यापारी शकील कुरैशी ने बताया कि पानी बरसा तो भाव और बढ़ जाएंगे। बारिश की वजह से खेतों में पानी भर जाता है। सब्जियां खराब होने लगती हैं। किसान इन्हें तोड़ने खेतों में नहीं जाते। जो सब्जी आती हैं वह महंगी होती हैं। अभी पैदावार भी कम है।

## दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस का होगा विस्तार

# ग्वालियर-खजुराहो, इंदौर व नागपुर तक किया जा सकता है संचालन

**भोपाल।** वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल के रास्ते खजुराहो, ग्वालियर व नागपुर में से किसी एक शहर के बीच चल सकती है। इन शहरों के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस नहीं चलाई जाएगी, बल्कि इंदौर से भोपाल के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ही इन तीनों शहरों में से किसी एक शहर के बीच चलाया जाएगा। वहीं जबलपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को इंदौर तक बढ़ाया जा सकता है। यह विस्तार अगस्त के अंत तक हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन दोनों ही वंदे भारत एक्सप्रेस को 27 जून को आरकेएमपी से हरी झंडी दिखाई थी। ये दोनों ही ट्रेनें जबलपुर व इंदौर से चलकर सुबह भोपाल व आरकेएमपी पहुंचती है और यहां पूरे दिन इनके रैक खड़े रहते हैं। इन ट्रेनों के विस्तार से रेल यात्रियों को फायदा होगा। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि फिलहाल वंदे भारत एक्सप्रेस सीमित रेल मार्गों पर चलाई जा रही हैं। रेलवे की मंशा है कि इस ट्रेन से ज्यादा से ज्यादा शहरों को जोड़ा जाए। इन



ट्रेनों के लिए रैक के उत्पादन की गति तो बढ़ाई है लेकिन जितनी मांग है उस अनुरूप रैक बनाने में समय लगना स्वभाविक है। ऐसे में जो रैक वर्तमान में पटरी पर हैं उन्हीं का शत-प्रतिशत उपयोग कर ज्यादा से ज्यादा शहरों को तेज गति वाली ट्रेनों से जोड़ रहे हैं। ऐसे में भोपाल व आरकेएमपी में पूरे दिन खड़े रहने वाली दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस के रैको का उपयोग करने की रणनीति बना रहे हैं।

**इसलिए हो सकता है विस्तार**

भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस (20912) भोपाल से शाम 7.25 बजे चलकर रात 10.30 बजे इंदौर पहुंचती है। इंदौर-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस (20911) इंदौर से सुबह 6.30 बजे चलकर सुबह 9.35 बजे भोपाल पहुंचती है। इस तरह यह रैक करीब 10 घंटे भोपाल में खड़ा रहता है। इस रैक को खजुराहो, ग्वालियर व नागपुर तक बढ़ाने में इसलिए दिक्कत नहीं है क्योंकि राजधानी, दुरंतो जैसी तेज गति वाली भोपाल से नागपुर पहुंचने में अधिकतम छह घंटे, वंदे भारत व राजधानी एक्सप्रेस ग्वालियर पहुंचने में अधिकतम चार घंटे और भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस खजुराहो पहुंचने में अधिकतम 6.25 घंटे ले रही है। ऐसे में इंदौर से 3.06 घंटे में भोपाल पहुंचने वाली उक्त वंदे भारत एक्सप्रेस को आसानी से नागपुर, ग्वालियर व खजुराहो के बीच चलाया जा सकता है। वहीं रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस (20173) रानी कमलापति स्टेशन से शाम सात बजे चलकर रात 11.35 बजे जबलपुर पहुंचती है। जबकि जबलपुर-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस (20174) सुबह छह बजे जबलपुर से चलकर, सुबह 10.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचती है।

## शिक्षा मंत्री के ओएसडी डा. भरत व्यास आज भी लेते हैं कक्षा, उत्कृष्ट विद्यालय की अपर्णा नारोलिया एक-एक विद्यार्थी की मेंटर

# विद्यार्थियों के लिए गुरु बन गए शिक्षक, किसी ने जिंदगी का पाठ पढ़ाया तो कोई पूरी तरह समर्पित हो गया

**भोपाल।** आज गुरु पूर्णिमा है, गुरु के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन। समाज में उन गुरुओं को विशेष स्थान मिला हुआ है जिन्होंने पढ़ाने के खास तरीके विकसित किए। या फिर उन्होंने अपने विद्यार्थियों के जीवन को नया संबल दिया। आज के दौर में शिक्षक का काम एक नौकरी तक सीमित रह गया है। वहीं कुछ शिक्षक ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी भूमिका का विस्तार गुरु तक का कर लिया है। भोपाल के डा. भरत व्यास और अपर्णा नारोलिया ऐसे ही शिक्षक हैं जिन्होंने जिन्होंने अपने तरीकों से गुरुता पाई है। आज के दिन इन दोनों शिक्षकों की कहानी जिन्होंने अपने विद्यार्थियों के लिए नई लीक बनाई।

### प्रशासनिक दायित्वों के बावजूद कक्षाएं जरूर लेते हैं

स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी डा. भरत व्यास चाहे शिक्षक या प्राचार्य रहें हो, लेकिन उनकी भूमिका हमेशा से ही एक गुरु की रही है। वे अब भी अपने व्यस्त कार्यप्रणाली से कम से कम दो घंटे का समय किसी स्कूल में जाकर पढ़ाने के लिए निकालते हैं। उन्हें सुभाष



उत्कृष्ट विद्यालय या कमला नेहरू में विद्यार्थियों को भौतिकी पढ़ाते देखा जा सकता है। वे मूलत- भौतिकशास्त्र के व्याख्याता हैं। जब शिक्षक थे तब उन्होंने नए-नए प्रयोग कर विद्यार्थियों को आसानी से विज्ञानी पद्धति को बताया। जब प्राचार्य बनें तो नई-नई पहल कर बच्चों को अनुशासन व ईमानदारी का पाठ पढ़ाया। 1988 में डा. व्यास व्याख्याता बनें। तब वे स्कूल के बाद घर पर विद्यार्थियों को निश्शुल्क भौतिक शास्त्र पढ़ाया। स्कूल में एक भी दिन भी स्कूल से अनुपस्थित नहीं रहें। जब 2010 में उज्जैन के एक स्कूल के प्राचार्य बनें। तब उन्होंने कई विद्यार्थियों की आर्थिक से लेकर हर तरह से मदद की। उन्होंने शासकीय कन्या उमावि क्षीरसागर में छात्राओं की उपस्थिति को सौ प्रतिशत बढ़ाने के लिए माताओं को सम्मानित करने की पहल की।

### दो विद्यार्थियों के करियर को संवारा

डा. व्यास ने अपने करियर के दौरान कई विद्यार्थियों के गुरु रहें, लेकिन उनके दो शिष्य रूचि सोनकर और रजत शाद के बुहत खास रहें। रूचि को उन्होंने निश्शुल्क पढ़ाया और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान आर्थिक मदद भी की। रूचि अब एक साफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर के पद पर हैं। वे जब भी अपने शहर आती हैं। अपने गुरु से जरूर मिलती हैं। वहीं रजत शाद आइआइएम इंदौर में प्रवेश दिलाने में एकेडमिक मदद की।

### प्राचार्य के कार्यकाल के दौरान ये पहल

डा. व्यास ने शासकीय कन्या उमावि क्षीरसागर में छात्राओं की उपस्थिति पर माताओं को सम्मानित करने की पहल की। 100 प्रतिशत छात्राओं की उपस्थिति पर छात्राओं का नाम नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाती थी।

# कोलार सिक्सलेन रोड निर्माण में अनियमितताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

## स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी को 19 बिन्दुओं का सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** स्थानीय लोगों ने कोलार सिक्सलेन रोड निर्माण की अव्यवस्थाओं, अनियमितताओं, विधानसभा की अवमानना, पर्यावरण को नुकसान, नोटिफिकेशन नहीं प्रकाशित करने, ट्रैफिक जाम, सडक़ दुर्घटनाओं, अधूरा सर्वे, स्वीकृति पत्र में रोड की चौड़ाई नहीं बताने, मुआवजा पॉलिसी नहीं बनाने से लोगों को हो रही परेशानियों के मामले में जिम्मेदार नेताओं, अधिकारियों, निर्माण कम्पनी के विरूद्ध 7 दिन में एफआईआर करने के लिए थाना प्रभारी कोलार जयसिंह को लोगों ने 19 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने बताया कि ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जब लोक निर्माण मंत्री ने विधानसभा में आश्वासन दिया कि निजी सम्पत्तियों को नहीं तोड़ा जाएगा, परन्तु अधिकारियों द्वारा इस आश्वासन की अव्हेलना कर निजी सम्पत्तियों को तोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा निविदा आदेश एवं स्वीकृत-पत्र में कहीं भी सिक्सलेन का उल्लेख नहीं किया है, फिर नेताओं, अधिकारियों द्वारा सिक्सलेन निर्माण का भ्रम क्यों फैलाया जा रहा है? बड़े-बड़े पेड़ों की अधिक संख्या में कटाई से पर्यावरण का नुकसान हो रहा है। रोड निर्माण में प्रभारित होने वाले लोगों के लिए नियमानुसार नोटिफिकेशन प्रकाशित कर दावा आपत्ति बुलाती जाती है, लेकिन कोलार सिक्सलेन रोड निर्माण में नोटिफिकेशन प्रकाशित क्यों नहीं किया एवं नागरिकों के दावा आपत्ति क्यों नहीं बुलायी गई? रोड का अधूरा सर्वे क्यों कराया? टेण्डर के आदेश एवं स्वीकृति पत्र में रोड की चौड़ाई क्यों नहीं बतायी? मुआवजा पॉलिसी क्यों नहीं बनायी। नागरिकों के मकान, दुकान पर 2 से 18 फिट तक के अतिक्रमण के निशान किस आधार पर लगाये गये? रोड निर्माण में चेतावनी बोर्ड, डायवर्सन रूट, संकेतक क्यों नहीं लगाये गये? 4 वर्ष पूर्व करोड़ों रू. की लागत से बनायी गई केरवा पेयजल पाईपलाईन को तोडक़र धन की बर्बाद क्यों की जा रही है ? मुआवजा पॉलिसी क्यों नहीं बनाई गई? बिजली कटौत्री बहुत हो रही है? सीवेज होल खुले छोड़े गये, रोड निर्माण की अव्यवस्थाओं, अनियमितताओं से ट्रैफिक जाम एवं सडक़ दुर्घटनाओं से नागरिकों को हो रही परेशानी आदि बिन्दुओं को लेकर ज्ञापन दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिहोरा की युवती को धमकाने वाले भेजे जाएंगे जेल, डेढ़ माह से आरोपित दे रहे हैं धमकी

**जबलपुर।** सिहोरा के खितौला में करीब डेढ़ माह पहले युवती के साथ अभद्रता की गई थी। उसे जबरन साथ ले जाने वाले आरोपितों की शिकायत ने ही परेशानी में डाल दिया। युवती पर आरोपित शिकायत वापस लेने का दवाब बना रहे हैं। इसके लिए आए दिन उसे धमका रहे हैं। इस मामले की जानकारी पुलिस तक पहुंची तो आरोपित के खिलाफ गिरफ्तारी का दावा कर रही है। करीब डेढ़ माह पूर्व एक युवती को कुछ युवकों ने आटो से उतारा और उसे साथ ले जाने लगे। युवती ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। युवती ने साहस से विरोध करते हुए अपने सहकर्मियों को फोन कर बुला लिया था, जिनके आने के बाद चारों आरोपित घटनास्थल से फरार हो गए। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत खितौला थाने में की थी। पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया था लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं की थी जिसके बाद से पीड़िता के स्वजन को लगातार शिकायत वापस लेने दवाब बना रहे हैं। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि युवती अस्पताल काम करती है। वो रोज की तरह शाम को आटो से काम पर जा रही थी तभी खितौला वार्ड 18 निवासी मुख्य आरोपित छुटकी पटेल 22 वर्ष , शिवम कोरी, विपिन पटेल, गोलू पटेल खितौला निवासी ने 23 मई 2023 को करीब डेढ़ माह पहले खितौला में जबरन आटो से उतारकर गालियां देते हुए साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। किसी तरह युवती अपने सहकर्मियों को फोन कर बुला लिया था जिसके बाद वहां से भाग गए थे। युवती ने खितौला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन इस तरह के संगीन घटना में भी पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया था। जिसके बाद आरोपी पीड़िता और परिजनों पर राजीनामा करने दबाव बना रहे हैं।

### प्रेम विवाह के कुछ माह बाद ही तीसरी पत्नी की मौत, मायके वालों ने अंतिम संस्कार रुकवाया

**जबलपुर।** प्रेम विवाह के कुछ माह बाद फंदे से लटकने वाली महिला की मौत पर जमकर हंगामा हुआ। स्वजन ने आत्महत्या को हत्या बताते हुए आरोपित पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्वजन ने पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू के नेतृत्व में त्रिपुरी चौक पर बेटी का शव रखकर तीन घंटे तक सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ मायके पक्ष की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया। आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि प्रिया सैनी की मौत के मामले में आरोपी हरिओम शुक्ला के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। प्रिया की रिश्तेदार रीना सैनी ने आरोप लगाया कि हरिओम शुक्ला विवाह के बाद से ही प्रिया को एक कमरे में रखता था। उसे न तो खाना दिया जाता था न ही पानी। जब हरिओम कहीं जाता, तो वह बाहर से दरवाजे में ताला लगाकर जाता था। जिससे प्रिया काफी परेशान हो चुकी थी। यह भी आरोप लगाया कि हरिओम पहले से विवाहित था, इसके बावजूद उसने प्रिया से विवाह किया। हरिओम शुक्ला के पहले से चार बच्चे भी है। मदन महल कैलाश आटा चक्की के पास रहने वाली प्रिया सैनी ने कुछ माह पहले ही हरिओम शुक्ला से विवाह किया था। शनिवार को रहस्यमयी परिस्थिति में प्रिया फंदे पर लटकते मिली।

### असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ-साथ चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट के आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 27 पाव देशी, अंग्रेजी, 25 लीटर कच्ची शराब, 2 चाकू और जुआड़ियों से नगदी 2 हजार 970 रुपए जब्त किए है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 96 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 7 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 32 गैरम्यादी, 58 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 22 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 27 पाव देशी,अंग्रेजी एवं 25 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जब्त किये गये एवं 10 जुआड़ियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया।

# मंडला-जबलपुर नेशनल हाईवे का मेंटेनेंस शुरू

» फूलसागर-नारायणगंज-बरेला के बीच भारी वाहन के आवागमन पर रोक

» 8 जुलाई तक निवास-मनेरी रोड से होकर निकल सकेंगे मालवाहक वाहन



**मंडला।** मंडला-जबलपुर नेशनल हाईव के जर्जर हिस्से से लोगों को कुछ दिन में राहत मिलने के उम्मीद है। इस रोड का मेंटेनेंस शुरू किया गया है। इसके लिए कलेक्टर ने फूलसागर-नारायणगंज-बरेला मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध नेशनल हाईवे पर बार-बार बन रही जाम की स्थिति को देखते हुए लगाया गया है। इसके बाद मंडला-जबलपुर के बीच चलने वाले भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। कलेक्टर ने इसको लेकर आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार आगामी 8 जुलाई तक भारी मालवाहक फूलसागर से नारायणगंज के बजाए निवास-मनेरी मार्ग से आवागमन करेंगे। इसमें बड़ें वाहनों को 40 किमी का फेरा लगाना पड़ेगा। हालांकि कार आदि छोटे वाहन एवं यात्री वाहन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं है। वे पहले की ही भांति नारायणगंज, कुडामैली होते हुए मंडला जबलपुर मार्ग में यात्रा कर सकेंगे।

#### भारी मालवाहकों के लिए परिवर्तित मार्ग

जबलपुर से मंडला की ओर आने वाले भारी मालवाहक वाहन के लिए बरेला- मनेरी- निवास-फूलसागर होते हुए रायपुर और मंडला से जबलपुर की ओर जाने वाले भारी मालवाहक वाहन मंडला फूलसागर-बबलिया-निवास-मनेरी होते हुए जबलपुर मार्ग निर्धारित किया गया है। यात्री वाहन एवं छोटे वाहनों का आवागमन निर्धारित मार्ग पर पूर्ववत जारी रहेगा। यह आदेश दिनांक 3 से 8 जुलाई तक प्रभावशील होगा।

#### काम पूरा होने तक रहेगा मार्ग परिवर्तित

दरअसल विगत तीन दिनों से मंडला-जबलपुर मार्ग पर बन रही जाम की समस्या को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कुड़ामैली पहुंच कर मौके का निरीक्षण किया था। इसके बाद उन्होंने फूलसागर से बरेला मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन को तत्काल प्रतिबंधित कर मंडला से नारायणगंज, कुड़ामैली तक के मार्ग में डाइवर्जन के कार्य एवं पुलों के पैच वर्क कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### ट्रेक्टर की टक्कर से बाईक चालक की मौत, दूसरा गंभीर

**जबलपुर।** गोसलपुर थानांतर्गत कल रात 8.30 बजे मानेगांव टगर हार के समीप तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटा में मोटरसाइकिल चालक की जहां मौके पर मौत हो गई वहीं उसके साथ को गंभीर चोटें आई है। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। हादसे में मृत चालक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया। आरोपी ट्रेक्टर चालक पर धारा 279, 337, 304 ए का मामला दर्ज कर तलाश जारी है। घटना के संबंध में गोसलपुर थाना प्रभारी अनिल मिश्रा ने बताया कि कल रात लगभग 8.30 बजे रविन्द्र मिश्रा मानेगांव हाट के प्लाट खपरा लेने गया था। ट्रेक्टर में खपरा भरवा रहा था, तभी टक्कर लगने की तेज आवाज आने पर उसने देखा कि एक लाल रंग के ट्रेक्टर ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी है। रविन्द्र ने नजदीक जाकर देखा कि मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनएच 5301 का चालक व एक अन्य लडक़ा मोटरसाइकिल समेत पड़े थे वहीं समीप लाल रंग का ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेड डी 6313 खड़ा था। ट्रेक्टर का चालक ट्रेक्टर छोड़ कर भाग गया था। आसपास के लोगों ने मोटरसाइकिल चालक का नाम अमन हल्दकार एवं जगदीश लोधी बताया। घटना में अमन हल्दकार की मौत हो गई थी वहीं घायल जगदीश लोधी को 108 एम्बुलेंस से सिहोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बिना सर्विस रोड बनाए ही निर्माण कार्य वाहनों की निकासी में मुश्किल



**जबलपुर।** दमोहनाका फ्लाईओवर विस्तारीकरण का काम शुरू हो गया है लेकिन सुनियोजित तरीके से कार्य नहीं होने की वजह से आम लोगों को बेहद परेशानी हो रही है। सड़क के दोनों तरफ निर्माण एजेंसी ने घेराबंदी कर दी है लेकिन आम रास्ते की सुविधा नहीं दी है। बिना सर्विस रोड का निर्माण किए ही कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्षा की वजह से कच्ची सड़क पर कीचड़ और दलदली सतह हो गई है जिसके कारण वाहन निकल नहीं पा रहे हैं। दमोहनाका फ्लाईओवर विस्तारीकरण का कार्य करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। कार्य के लिए केंद्र सरकार की तरफ से 79 करोड़ मंजूर हुए थे लेकिन लागत बढ़ गई। अब निर्माण एजेंसी पिछले तीन माह से निर्माण से जुड़े कार्य में जुटी हुई है। सड़कों से बिजली के पोल और लाइनों को हटा दिया गया है अब पाइल खड़े करने के लिए खुदाई हो रही है। इस काम के लिए सड़क के दोनों तरफ बल्लियों से दीवार बनाई गई है ताकि निर्माण स्थल पर किसी का प्रवेश न हो सके। इस मार्ग पर अधारताल और दमोह रोड पर दोनों ओर से यातायात का भारी दवाब रहता है। बड़ी संख्या में भारी वाहन और छोटे वाहन निकलते हैं। दमोहनाका से दमोह रोड की ओर स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। एक तरफ अतिक्रमण होने की वजह से पहले से सड़क घिरी हुई है उस पर निर्माण की वजह से सड़क बंद है। बीच में जो कच्चा रास्ता है वह गड्ढों से भरा है। उस पर गिट्टी कामचलाऊ डाली गई है लेकिन वाहनों के बोझ की वजह से गिट्टी मिट्टी में गुम हो गई है और वर्षा में कीचड़ बन चुका है। ऐसे में कई दो पहिया वाहनों को निकलते वक्त गिरने का खतरा बना रहता है। अधारताल मार्ग पर भी दोनों तरफ पक्की सर्विस लेन बनानी चाहिए थी लेकिन कच्चे मार्ग से बस,कार और दो पहिया वाहन निकल रहे हैं। यहां भी दोनों तरफ से पहले ही अतिक्रमण सड़क पर बना हुआ है। इस संबंध में ईई लोक निर्माण गोपाल गुप्ता ने कहा कि निर्माण एजेंसी को पक्की सर्विस रोड बनाने के निर्देश है ताकि यातायात में किसी तरह की परेशानी न आए। इस संबंध में निर्माण कंपनी के अधिकारियों से बात कर तत्काल सड़क की मरम्मत करने को कहा जाएगा।

#### खरगोन कलेक्टर की पत्नी से ग्वालियर में लूट

## मॉर्निंग वॉक कर लौट रही थीं, झपट्टा मारकर चेन लूट ले गया बदमाश



**ग्वालियर।** खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा की पत्नी से ग्वालियर में लूट हो गई। वह मॉर्निंग वॉक से लौट रही थीं। इसी दौरान बदमाश झपट्टा मारकर चेन छीन ले गया। इसके बाद दूर खड़े साथी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गया। घटना रविवार सुबह की है। पुलिस ने भी घटना छुपाए रखी। सोमवार को लोगों को घटना के बारे में पता चला। शिवराज सिंह वर्मा वर्तमान में खरगोन में कलेक्टर हैं। वह ग्वालियर में ADM रह चुके हैं। यहां सिरोल स्थित पॉश टाउनशिप विंडसर हिल्स II-30 उनकी पत्नी पुष्पा सिंह रहती हैं। रोजाना की तरह पुष्पा सिंह रविवार सुबह 6.40 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। वह कलेक्टोरेट पहाड़ी तक वॉक करने के बाद वापस लौट रही थीं। वह एमपीसीटी कॉलेज के सामने विंडसर हिल्स रोड पर पहुंची थीं। इसी दौरान एक बदमाश पैदल चलते हुए पीछे से आया। वह कुछ समझ पातीं, इससे पहले बदमाश ने झपट्टा मार कर गले से सोने की चेन छीन ली। आगे खड़े बाइक सवार के साथ भाग गया चेन छीनकर भाग रहे लुटेरे का पीछा करते हुए पुष्पा सिंह ने शोर मचाया। कुछ ही दूर बदमाश का साथी बाइक स्टार्ट कर खड़ा था। बदमाश साथी की बाइक पर बैठकर मॉडल टाउन की तरफ भाग निकला। पुष्पा सिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी कराने के साथ ही सर्चिंग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे तक घटना को सार्वजनिक नहीं होने दिया। हालांकि सोमवार को मामले का खुलासा हुआ। घटना का पता चलते ही पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे। बदमाशों की तलाश के लिए टीम विश्वविद्यालय थाने से और दूसरी टीम क्राइम ब्रांच की लगाई है। दोनों टीमों ने 25 से ज्यादा पॉइंट पर CCTV खंगाल लिए हैं, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं मिला है।

#### भक्तों के लिए महाकाल लोक एक्सप्रेस बस सुविधा

## 4 बसों से श्रद्धालु महाकाल, हरसिद्धि, मंगलनाथ सहित प्रमुख मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे




**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन नगर पालिका निगम ने महाकाल के भक्तों को नई सौगात दी है। श्रद्धालुओं को उज्जैन शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए चार महाकाल लोक एक्सप्रेस बसों की शुरुआत की गई है। भक्तों को बस की सुविधा नानाखेड़ा और देवास गेट बस स्टैंड से मिलेगी। बस का किराया 100 रुपए प्रति श्रद्धालु रखा गया है। पहले दिन सभी यात्रियों को निश्शुल्क यात्रा करने को मिलेगी।दधार्मिक शहर उज्जैन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं आगमन हो रहा है। इसको देखते हुए नगर निगम उज्जैन ने सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 4 बसों के संचालन शुरू किया है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंत्री मोहन यादव, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक पारस जैन, महापौर मुकेश टटवाल ने हरी झंडी दिखाकर महाकाल के जयकारों बसों को रवाना किया। मेयर मुकेश टटवाल ने बताया कि दो बस नानाखेड़ा और दो बस देवास गेट बस स्टैंड से चलेगी। श्रद्धालु बस से उज्जैन के प्रमुख धार्मिक स्थल महाकाल मंदिर, रामघाट, मंगलनाथ मंदिर, गढ़कालिका, सांदीपनि आश्रम, काल भैरव मंदिर, हरसिद्धि माता मंदिर, सिद्धवट घाट, यंत्र महल, इस्कॉन मंदिर महल इत्यादि प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए भक्तों को 100 रुपए शुल्क देना होंगे। हालांकि पहले दिन गुरु पूर्णिमा पर सभी यात्रियों के लिए बसों में यात्रा फ्री रखी गई है। बस में बैठे यात्रियों ने बस के संचालन को भक्तों के लिए बड़ी सौगात बताया।

#### पहले दिन निश्शुल्क बस सुविधा

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया गया कि उज्जैन दर्शन के लिए निगम द्वारा महाकाल लोक एक्सप्रेस बसों का संचालन शुरू हुआ है। जिसमें गाइड की भी उपलब्धता होगी जो श्रद्धालुओं को प्रत्येक धार्मिक स्थलों के महत्व की जानकारी भी साझा करेगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर से बसों का संचालन शुरू, प्रथम दिन सभी यात्रियों के लिए बस सुविधा निश्शुल्क रखी गई।

#### गुरु पूर्णिमा में दूर-दूर से जबलपुर आए ओशो भक्त

## ओशो के ध्यानस्थली में संगीत की धुन में हुए मंत्रमुग्ध, देश-विदेश से पहुंचे सैकड़ों अनुयायी



**जबलपुर।** अपनी ओजस्वी शैली से दुनिया को जीवन जीने की कला सीखने वाले आचार्य रजनीश के जबलपुर स्थित आश्रम में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई ,गुरु शिष्य परंपरा का पर्व गुरु पूर्णिमा मनाने के लिए उनके अनुयायी ना सिर्फ इंडिया बल्कि विदेश से भी ओशो की साधना स्थली जबलपुर में जमा हुए। ओशो के शिष्यों ने सबसे पहले प्रभात फेरी निकाली...और फिर ध्यान में लीन होकर अपने गुरु को याद किया। ओशो के शिष्य एक साथ मिलकर गुरु की भक्ति में लीन होकर झूमकर घंटों तक नाचते रहें। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दिन भर होने वाले कार्यक्रमों में ओशो का डायनेमिक ध्यान सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसमे हर शिष्य शामिल होकर अपने गुरु से संवाद कायम करने की कोशिश करता है, इसके अलावा गुरु पूर्णिमा पर होने वाली संन्यास दीक्षा का भी आयोजन आज हुआ जो कि साल में सिर्फ एक बार सिर्फ गुरु पूर्णिमा पर किया जाता है, जिसमे लोग दुनिया का मोह छोड़ संन्यास लेते है। अमेरिका न्यूयार्क से आए ओशो के भक्त का कहना है कि आचार्य रजनीश का हमेशा ही कहना रहा है कि चाहे दुख हों यां फिर सुख सभी को हंसते हुए मुस्कराते हुए मानना चाहिए। अमेरिका से आए स्वामी निर्देश ने बताया कि वह बीते 25 सालों से गुरु पूर्णिमा में जबलपुर आ रहें है, उनका कहना है कि ओशो की ध्यानस्थली में आकर ऐसा लगता है, मानो ओशो साक्षात दर्शन दे रहें है। आज ओशो के सभी अनुयाई उनके ही मार्ग पर चल रहें है। ओशो के अनुयायी स्वामी निर्दोष ने ओशो रजनीश की सोशल मीडिया से दूरी पर कहा कि जिस तरह से सूरज को किसी की जरूरत नहीं होती है, वैसे ही ओशो को आज भी सोशल मीडिया की जरूरत नहीं है, क्योंकि सच्चा गुरु वही होता है,जो अपने शिष्य को सच से परिचय करवाता है और खुद की पहचान खुद से करवा दे वही गुरु होता है। उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आई सुनीता तिवारी बताती हैं कि वह पूरे परिवार के साथ बीते सात सालों से आ रही है। उन्होंने बताया कि जब वह ओशो से जुड़ी हों उन्हें लगने लगा है कि वाकई में ओशो ने प्रेम को लेकर जितनी भी बातें अपनी किताबों में लिखी है वह सब सही है। वही बैतूल से आई भूमिका का कहना है कि ओशो को ध्यान करते हुए उनकी शिष्य बने छह साल हों गए है, इन छह सालों में सीखा है कि कैसे ओशो के प्रेम में मग्न होकर गुस्सा-क्रोध से निजात मिलती है। आज गुरु पूर्णिमा में ऐसे गुरु को शत शत नमन। ओशो ने 1990 में शरीर त्याग दिया, लेकिन उनके निधन के आज 33 साल बाद भी उनके शिष्य और भक्त उन्हें गुरू पूर्णिमा के दिन महसूस करते हैं। ओशो की ऊर्जा और ध्यान की घनघोर आभा में इस दिन उनके अनुयायी अलग ही नजर आते हैं।

# बालेश्वर की दुर्घटना से घबराए रेलवे ने जबलपुर समेत सभी मंडल में शुरू किया मेगा ब्लाक

**जबलपुर।** ओडिशा के बालेश्वर में हुए ट्रेन हादसे के बाद पटरियों से लेकर सिग्नल-प्वाइंट और ओएचई की मरम्मत का काम इतनी रफ्तार से बढ़ा दिया है कि इसका असर ट्रेनों की रफ्तार पर पड़ रहा है। 60 से 70 किमी प्रति घंटे की औसत से चलने वाली अधिकांश यात्री ट्रेनें अब 40 से 50 किमी प्रति घंटे की औसत रफ्तार पर आ पहुंची हैं। हालात यह है कि ट्रेन एक घंटे से लेकर 24 घंटे तक लेट चल रहीं है।

#### जबलपुर, भोपाल और कोटा तीनों मंडल में ट्रेनों की रफ्तार कम

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल से लेकर भोपाल और कोटा, तीनों मंडल में ट्रेनों की रफ्तार और समय, पटरी से उतर गया है। दरअसल इन दिनों तीनों मंडल में पश्चिम मध्य रेलवे ने मेगा ब्लाक लिया है। अकेले जबलपुर रेल मंडल में इन दिनों 170 से ज्यादा ब्लाक हैं, जिसमें पटरी से लेकर सिग्नल और ओएचई की मरम्मम और देखरेख का काम चल रहा है। इतना ही नहीं 100 से ज्यादा प्वाइंट और रूट पर कौशन आर्डर यानि निर्धारित गति से कम रफ्तार में ट्रेनों को चलाने का निर्देश लागू है।



#### जीएम ने खुद संभाला मोर्चा, कंट्रोल में दो घंटे बैठे

ओडिशा के बाद जबलपुर रेल मंडल में हुए रेल हादसों की वजह से सतर्कता और संरक्षा, दोनों पर पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता खुद नजर रहे रहे हैं। हालात यह है कि पश्चिम मध्य रेलवे मंडल की सीमा में आने वाले लगभग 300 से ज्यादा रेलवे स्टेशन और दो हजार किमी से ज्यादा लंबे रेलवे ट्रैक में चल रहे मेगा ब्लाक से जुड़ी हर रिपोर्ट पर उनकी नजर है। हाल ही में पहली बार महाप्रबंधक जबलपुर रेल कंट्रोल कक्ष पहुंचे और यहां पर लगभग दो घंटे बैठकर ट्रेनों के संचालक का जायजा लिया। अभी तक ऐसा किसी महाप्रबंधक ने नहीं किया। इसका असर मेगा ब्लाक के कामों पर दिखा है। काम की संख्या और काम करने की रफ्तार बढ़ा दी है, हालांकि इससे ट्रेनों के निर्धारित समय पर बुरा असर हुआ है। ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं।

#### इतने ब्लाक कि अधिकारी, कर्मचारी भी हैरान

जबलपुर मंडल में इन दिनों पटरियों की मरम्मत के लिए लगभग 55 से ज्यादा ब्लाक लिए गए हैं । इसमें सबसे ज्यादा ट्रैफिक ब्लाक हैं, जिसमें कम से कम समय के लिए ट्रेनों का संचालक रोककर पटरियों की मरम्मत का काम किया जाता है। इधर सिग्नल के लिए लगभग 80 से ज्यादा ब्लाक और ओएचई के 25 ब्लाक लिए गए हैं। इनकी वजह से जबलपुर मंडल से 24 घंटे में गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है और यह घंटों लेट चल रही है। यही हाल मंडल की सीमा से लगे बिलासपुर, नागपुर और प्रयागराज रेलवे जोन की सीमा का है। जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों के साथ यहां से गुजरने वाली ट्रेनों के देरी से चलने से यात्री परेशान हैं। जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों को देरी से रवाना किया जा रहा है। इन ट्रेनों को न सिर्फ देरी से बल्कि बार-बार रीशेड्यूल कर रवाना किया जा रहा है,। जिससे यात्री परेशान हैं। जबलपुर से रवाना होने वाली शक्तिपुंज, महाकौशल, श्रीधाम, संपर्कक्रांति, गोंडवाना, चित्रकूट समेत कई ट्रेनों को देरी से और कई बार रीशेड्यूल कर रहे हैं।

# रैंगिंग! युवा पीढी को बर्वाद करने का निंदनीय कार्य



उच्च शिक्षा प्राप्त करने पहुँचने बाले छात्र छात्राओं से परिचय के नाम रैगिंग कार्य लगभग 50 वर्ष से अधिक समय से जारी है। नवागत छात्र छात्राओं से कॉलेज से सीनियरों द्वारा जो अमानवीय व्यवहार किया जाता है। शारीरिक एवं मानवीय यातनायें दी जाती है वह अनेक घटनाएँ दिल दहला देने बाली होती है। आजादी के बाद भारत में पिछले 60 वर्षो में रेगिंग के तरीकों में कमी आने के विपरीत ये और अधिक क्रूर होते जा रहे है। परिचय और कॉलेज के वातावरण के अनुरूप नवागत को पारंगत करने के नाम से प्रारभ हुई रैगिंग पहले पिटाई और मोटी यंत्रणाओं तक ही सीमित दायरे में थी। मगर पिछले लगभग 30-35 वर्ष में इसका स्वरूप वहुत अधिक क्रूर और अमानवीय हो गया है। विगत वर्ष कर्नाटक के गुलबर्गा जिले के कॉलेज आंफ नर्गिस में अध्ययन हेतु केरल के कोझिकोड जिले की दलित छात्रा अस्वथी केपी के साथ रैगिंग के नाम जो कुछ हुआ वह दिल दहला देने बाली घटना है।

स्मरणीय है केरल की लड़कियां अधिकांश नर्सिंग कोर्स की पढ़ाई करती है। छात्रा अस्वथी को उसकी 5 सीनियर्स ने फिनाइल जिससे टॉयलेट साफ किया जाता है उसे जबरन पीने मजबूर किया। लड़की एक बार तोजैसे तैसे बचकर निकल गई। दूसरी बार उसे इतना मजबूर किया कि फिनाइल पीना पड़ा। उक्त लड़की को केरल के कोझिकोड जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों का कहना था फिनाइल पीने से अस्वथी मात्र 19 वर्षीय दलित लड़की के आंतरिक अंग जल गये थे। केमिकल्स से उसकी आहार नली गंभीर रूप से क्षति ग्रस्त हो गई है। साथ ही केमिकल्स ने उसके गले ओर पेट के बीच का हिस्सा जला दिया था। दलित लड़की को ठीक होने में लगभग 6 माह लगे। ऐसे मामलों में कहने को मरीज ठीक हो जाता है मगर उसके शरीर के अंग जीवन भर पूरी तरह काम नही कर पाते है। म. प्र. के उज्जैन निवासी पीड़ित दुखी पिता बताते है रैगिंग ने उनके इकलौते बेटे की जिन्दगी ही बर्वाद कर दी। उन्होंने अपने बेटे को लगभग 11 वर्ष पहले पूना के प्रसिद्ध मेनेजमेंट इन्स्टीट्यूट में एम बी ए में प्रवेश दिलाया था। माँ एवं पिता दोनों खुशी खुशी बेटे को पूना छोड़ने गये थे। अचानक एक सप्ताह बाद ही बिना पूर्व सूचना दिये उनका बेटा वापस आया। बेटे ने बापस आकर बताया वह रैगिंग की वजह से मुझे कॉलेज एवं पूना छोड़ने मजबूर होना पड़ा। अब मर भी जाऊंगा मगर बापस उस कॉलेज में नही जाऊंगा। कॉलेजों में रैगिंग की सीमा निर्धारित नही है। सीनियर छात्र अपने नवागत साथी छात्रों का स्वागत तरह तरह से प्रताड़ित करते है। सीनियर्स का यह तर्क रहता है जब हमने प्रवेश लिया था तब हमे भी इसी स्थिति से गुजरना पड़ा था। हम भी रैगिंग के दौर से गुजरे हैं यह स्थिति जूनियर्स की करके उन्हे पक्का कर रहे है।

## सम्पादकीय

### हिंसा की आग में सुलगता फ्रांस ?

फ्रांस इस समय दुनिया की सुर्खियों में है। देश भर में लोग हिंसक और उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंक्रो सरकार हाशिए है। प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। निश्चित रूप से सारे घटनाक्रम की वजह फ्रांस की पुलिस और वहां का असहिष्णु कानून है जिसकी वजह से देश हिंसा की आग में जल रहा है। ट्रैफिक नियमों का कथित रूप से अनुपालन न करने पर एक किशोर को जांच की आड़ में गोली मार दी गई। कार चालक 17 वर्षीय किशोर नाहेल एम पर आरोप था कि उसने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर रिवाल्वर तान दिया था। निश्चित रूप से इसकी जितनी आलोचना की जाय वह कम है। दुनिया भर में मानवीय और उसके अधिकार सर्वोपरी होना चाहिए। मीडिया की खबारों और उसके विश्लेषण से पता चलता है कि पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए निर्दोष युवक पर इस तरह का आरोप मढ रही है। नाहेल ने अगर ट्रैफिक नियम को तोड़ा था तो उसे दूसरे तरीके से भी सजा दी जा सकती थी। यह जुर्म इतना बड़ा नहीं था कि उसे गोली मार दी जाय। निश्चित रूप से पुलिस ने फ्रांस के लचीले कानून का दुरुपयोग किया है। गोली मारने की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी कई लोग शिकार हुए हैं। मीडिया मे यह तथ्य भी सामने आए हैं कि पुलिस नस्लीय मानसिकता में भी बेगुनाहों को निशाना बनाती है। फ्रांस एक संप्रभु और लोकतान्त्रिक देश है। उसे ऐसे विवादित और कठोर कानून से बचना चाहिए। क्योंकि कानूनी आड़ में इसका दुरुपयोग किया जाता है। सरकार ट्रैफिक नियमों को इतना कठोर बनाकर लोकतांत्रिक अधिकारों का दुरुपयोग कर रही हैं। अगर पुलिस के आरोप को ही सच मान लिया जाए। कि किशोर नाहेल ने ट्रैफिक नियमों का दुरूपयोग किया था तो पुलिस उसे सबक सिखाने के लिए दूसरे संवैधानिक अधिकार का भी प्रयोग किया जा सकता था। किसी की हत्या इसका समाधान नहीं था। देश के ट्रैफिक नियमों के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी हो सकती थी। किशोर अधिनियम के तहत उसे जेल भी भेजा जा सकता था। उसे समझाने की कोशिश भी पुलिस कर सकती थी। वाहन चलाने पर प्रतिबंधित किया जा सकता था। लेकिन सिर्फ क्या जान लेना ही किसी कानून का संरक्षण है। भारत जैसे देश में अगर ऐसे कानून बना दिया जाए तो यहां पांच मिनट भी नहीं टिक सकते हैं। क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे की जाती है यह भारत से बेहतर कोई नहीं जानता। यहां हर नागरिक को संवैधानिक अधिकारों के इतर जाकर उसके व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण किया जाता है। सुसंगत कानून होने के बावजूद भी लोगों को दंड नहीं दिए जाते। यहां की पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गांधीगिरी के जरिए गुलाब का फूल भेंट करती है। क्योंकि सिर्फ कानून से देश को नहीं चलाया जा सकता है। भारत में बाल एवं किशोर हितों का पूरा ख्याल किया जाता है। पुलिस के खिलाफ पेरिस के बाहरी हिस्सों हिंसा भड़क गयीं है। सरकार स्थिति नियंत्रित नहीं कर पा रहीं है। सरकार और पुलिस में शीतयुद्ध की स्थित है।लोग सड़क पर उतर कर उग्र और हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहनों को आग के हवाले किया जा रहा है। किशोर की हत्या को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश है। मानवाधिकार संगठन इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। हालात को नियंत्रित करना सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है। देश के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। नाहेल की हत्या करने वाले आरोपी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना को फ्रांस के राष्ट्रपति मैंक्रो ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस की तीखी आलोचना की है। वैसे उनके बयान को लेकर पुलिस संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि इससे पुलिस का मनोबल गिरेगा। लेकिन देश में बढ़ती हिंसा को रोकने की पहली प्राथमिकता सरकार की है। आक्रोशित लोग प्रदर्शन के दौरान सरकारी इमारतों, पुलिस स्टेशन, स्कूलों और दूसरे संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस पर आरोप लग रहे हैं कि ट्रैफिक नियमों की जांच के दौरान जानबूझकर निर्दोष किशोर को गोली मारी गई। हालांकि यह जांच विषय है। फ्रांस का गृह मंत्रालय भी पुलिस की करतूत पर बेहद नाराज है। दोषी पुलिस के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा किया है। किशोर की मां मानिया इस घटना से बेहद दुखी है। क्योंकि उसका बेटा नाहेल इकलौती संतान थी। जिसे वह बेहद प्यार करती थी। घटना के दिन मां से लाड प्यार कर वह निकला था, लेकिन एक घंटे बाद गोली का शिकार बन गया। इस घटना से उसकी मां सदमे में है। उसका आरोप है कि पुलिस ने जानबूझकर उसके बेटे की हत्या की। फ्रांस सरकार ने 2017 में गोली मारने के कानून में ढील देने का फैसला किया था। अब इस तरह का लचीला कानून उसी लिए भारी पड़ रहा है। जबकि उसी दौरान मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से इस कानून को वापस लेने का दबाव बनाया था। फ्रांस की मीडिया के मुताबिक जबसे इस कानून में संशोधन हुआ है इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 13 लोग शिकार बने है। पुलिस पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि गोलियां काले और अरब के मूल लोगों पर चलाई जाती है। जिसकी वजह से निर्दोष किशोर की जान गई है। नाहेल का संबंध भी फ्रांसीसी-अल्जीरिया मूल से बताया गया है। फ्रांस सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ट्रैफिक नियमों में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए। वाहनों की चेकिंग के लिए गोली चलाने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। फ्रांस के आम नागरिक अधिकारों का खुली तरह संरक्षण होना चाहिए। दुनिया भर में लोकतांत्रिक देश में हरहाल में मानवीय अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए और ऐसे निर्मम कानून पर रोक लगनी चाहिए दोषी पुलिसकर्मी को निर्दोष किशोर की हत्या के लिए कठोर दंड दिया जाना चाहिए। हम सिर्फ कठोर कानून से लोकतांत्रिक व्यवस्था का संचालन नहीं कर सकते। लोगों के आम अधिकारों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता और दायित्व है।

# विपक्ष की स्क्रिप्ट में थीम का टोटा



नीतीश कुमार हों या मल्लिकार्जुन खड़गे या शरद पवार, ममता बनर्जी, अखिलेश, केजरीवाल, उद्धव ठाकरे सब मोदी से लड़ने, उन्हें चुनाव में हराने का इरादा लिए हुए हैं लेकिन इसके लिए चुनाव किस थीम पर लड़ें, क्या कहानी, क्या डायलॉग और कैसे एक्शन हो इसका दिमागी खाका नहीं बना है। समझ ही नहीं आ रहा। सभी नेता अपने-अपने दायरे में ख्याली पुलाव पका रहे हैं। प्रदेश और विधानसभा चुनाव का माइंडसेट है। मैंने दो सप्ताह पहले लिखा था कि विपक्ष मानो पाषाण युग में। दरअसल कांग्रेस और विपक्षी एकता के जितने सलाहकार, बौद्धिक प्रमुख याकि कन्हैया से लेकर योगेंद्र यादव, जयराम रमेश आदि सभी यह नहीं मानते हैं कि लोकसभा की रणभूमि हिंदीभाषी उत्तर भारत है। वह उत्तर भारत, जिसका कम से कम 38-40 प्रतिशत वोट रामजी, भोले बाबा, विन्ध्यवासिनी मां और विश्व गुरू होने के ख्यालों में डूबा हुआ है। सचमुच कोई पूछे नीतीश कुमार या अखिलेश या राहुल गांधी, कमलनाथ व अशोक गहलोत से कि भाजपा के कोर वोट तथा 2014 व 2019 के मोदी के फ्लोटिंग-मध्यवर्गी-नौजवान लोगों में से पांच प्रतिशत वोटों को भी पटाने के लिए इनकी क्या थीम व क्या भाषण है नीतीश कुमार पूछते हैं मोदी ने नौ साल में कुछ नहीं किया! कई नेता अमीर-गरीब की खाई, आर्थिक बदहाली का रोना रोते हैं। तीसरी थीम हिंदू बनाम मुस्लिम की सांप्रदायिकता का है। एक थीम विपक्ष अपनी वैकल्पिक दृष्टि, ऑल्टरनेटिव मॉडल पेश करे। साझा सहमतियों का वह घोषणापत्र बने, जिसमें रेवड़ियों का जवाब सुपर रेवड़ियों से हो। नीतीश-अखिलेश आदि का एक फॉर्मूला जातियों की गणित, सामाजिक न्याय, पिछड़े-दलितों-आदिवासियों में चेतना बनवाने का है। सभी बातें मोदी की अकस्मात उठने वाली आंधी के आगे फिजूल होंगी। कैसे? पहली बात, विपक्ष के पास अपनी बात, अपना एजेंडा, अपनी वैकल्पिक दृष्टि-ऑल्टरनेटिव मॉडल पहुंचाने का मीडिया कहां है? विपक्षी नेता पाषाण युग में इसलिए भी हैं क्योंकि ये उस इकोसिस्टम का पार्ट हैं, जो जन्मजात मोदी विरोधियों का है। कांग्रेस, केजरीवाल और विपक्ष की सरकारों से यह बात बहुत साफ जाहिर होती है। सभी का सरकारी प्रचार या तो परंपरागत विरोधी वेबसाइटों में जाता है या मोदी नियंत्रित मीडिया में है। भारत की राजनीति का, भारत के सार्वजनिक विमर्श का नंबर एक संकट यह है कि मध्य-निष्पक्ष-तर्कसंगत मीडिया स्पेस देश में बचा ही नहीं है, जिससे सनातनी-सर्वधर्म समभावी तथा ज्ञानवादी-मध्यवर्गी हिंदुओं को वह जानकारी मिले कि मोदी सरकार से देश की, हिंदुओं की दीर्घकालीन नींव खुद रही है। विषयातंर हो रहा है। बहरहाल, नीतीश कुमार कितना ही बोलें कि मोदी ने नौ साल में क्या किया है? इसे न कोई पब्लिक को बताने वाला है और न यह बात लोगों के दिल-दिमाग को झिंझोड़ेगी? ऐसे ही सांप्रदायिकता-हिंदू बनाम मुस्लिम से मोदी-शाह के खिलाफ कुर्मी-यादव या जाट वोट (लोकसभा चुनाव के संदर्भ में) माहौल बनाने के लिए सड़कों पर नहीं उतरने वाले हैं। ऐसे ही गरीबी, असमानता, बेरोजगारी, महंगाई का वोट दिलाऊ हल्ला बनना है। इसलिए कि सोशल मीडिया के परंपरागत, चिन्हित मोदी विरोधियों के वीडियो, बहस की जनता में गूंज नहीं बन सकती। गूगल और अगले दस महीनों में कृत्रिम बुद्धि याकि एआई मशीन से विपक्ष-विरोध की आवाज को उन्हीं लोगों के बीच पहुंचने देगा, जिनका रिकॉर्ड 2014 व 2019 में विपक्ष को वोट देने का था। जिनका मोदी विरोधी रूझान पहले से ही सोशल मीडिया के डेटा सर्वरों को मालूम है। पूछ सकते हैं कर्नाटक में तब भाजपा कैसे हारी इसलिए हारी क्योंकि चुनाव के भी पहले के महीनों से घर-घर यह बात पहुंची थी कि भाजपा सरकार भ्रष्ट है। कमीशनखोर है। मेरा मानना था, है और रहेगा कि लोकसभा चुनाव में मध्यवर्गीय और फ्लोटिंग वोटों का पाला बदलना तभी होता है जब भ्रष्टाचार की बात घर-घर पहुंची हुई हो। इस सत्य से ही 2014 में नरेंद्र मोदी, भाजपा तथा अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी सुपर हिट हुए थे। इस बात को मोदी और केजरीवाल ने समझते हुए अभी तक पकड़ा हुआ है। केजरीवाल अपनी पंजाब सरकार का विज्ञापन भ्रष्टाचार मिटाने की थीम पर चलाते हुए हैं तो वजह उन्हें मालूम होना है कि इसी से प्रदेश में साख बनी रहेगी। हालांकि मेरा मानना है कि लोकसभा चुनाव से ऐन पहले भगवंत मान सरकार का भ्रष्टाचार में ही मोदी सरकार ऐसे टेंटुआ दबाएगी की लोकसभा चुनाव में आप का सारा खेल बिगड़ेगा। इधर केजरीवाल जेल में तो उधर भगवंत मान। नोट रखें पंजाब-दिल्ली की लोकसभा सीटें भाजपा कतई आम आदमी पार्टी के खाते में नहीं जाने देगी। सो, मोदी-शाह ने 2014 तक विरोधियों द्वारा 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का जो नया जुमला गढ़ा है तो वह इसलिए है ताकि मध्यवर्गीय-फ्लोटिंग मतदाता परिवारवाद-भ्रष्टाचार की इमेज में नीतीश-राहुल-लालू-पवार-केजरीवाल-केसीआर-स्टालिन सबसे बिदके। कर्नाटक के चुनाव से पहले अडानी-हिंडनबर्ग, क्रोनी पूंजीवाद, राफेल आदि के हवाले राहुल गांधी का जो ब्रह्मास्त्र था, वह आगे बढ़े नहीं इसी की रणनीति में भाजपा ने 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का नया जुमला बोलना शुरू किया है। कर्नाटक में लोकल भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय भ्रष्टाचार की किस्सागोई ने भाजपा के वोट खिसकाए थे। हवा बनी और उससे अपने आप दलित और जातियों के वोटों में भी पाला बदली हुई। भ्रष्टाचार की एक धुरी ने एंटी इस्टैब्लिशमेंट, महंगाई, रेवड़ी आदि सबका वह बवंडर बनाया जो एकतरफा मीडिया के बावजूद घर-घर जा पहुंचा। लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ मतदान किया। जाहिर है कर्नाटक के सबक को मोदी-शाह ने पकड़ा है। विपक्ष को भ्रष्टाचारी घोषित कर वे रक्षात्मक बनाएंगे ताकि राहुल गांधी और विरोधी क्रोनी पूंजीवाद, अडानी व भ्रष्टाचार पर बोलने से रूके रहें। और सामाजिक न्याय, सांप्रदायिकता, वैकल्पिक दृष्टि, मॉडल, विकल्प, साझा प्रोग्राम की फालतू बातों में उलझें। उस नाते लोकसभा तैयारी में विपक्ष जुटा है बावजूद इसके उसकी कहानी, स्क्रिप्ट में वह रसायन बनता हुआ फिलहाल नहीं है, जिससे एक और एक और एक ग्यारह हो तथा बात अपने आप घर-घर पहुंचने लगे।

# सामाजिक, आर्थिक समानताओं का क्या?

सबके लिए समान कानून होने चाहिए और कानून के समक्ष सबको समान होना चाहिए, यह एक आदर्श स्थिति है। लेकिन सबको पता है कि कानूनी समानता या कानून के समक्ष समानता एक मिथक है या एक यूटोपिया है, जिसकी कम से कम भारत में कल्पना नहीं की जा सकती है। फिर भी यह अच्छी बात है कि सबके लिए समान कानून बनाने की पहल हो रही है। 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता पर लोगों की राय ले रहा है और प्रधानमंत्री सार्वजनिक रूप से इसकी जरूरत बताते हुए इसकी वकालत कर रहे हैं। इस बारे में बहुत कुछ लिखा और कहा जा चुका है। भारत जैसे विविधता वाले देश में तमाम जातीय व धार्मिक समुदायों के साथ समान नागरिक संहिता का कैसे तालमेल बैठेगा और कैसे उसे स्वीकार्य बनाया जाएगा, यह एक बड़ा सरोकार है। लेकिन उससे बड़े सवाल यह है कि कानूनी समानता से आगे क्या? क्या कानूनी समानता से देश में सदियों से बनी दूसरी असमानताएं समाप्त हो जाएंगी?

इस सवाल पर समान नागरिक संहिता को बहस से अलग रख कर ही विचार किया जा सकता है क्योंकि कानूनी समानता की कथित जरूरत को दूसरी असमानताओं के साथ जोड़ने से कई लोगों की भावनाएं आहत होने लगती हैं। इसलिए समान नागरिक संहिता को अलग रखते हैं और बाकी असमानताओं पर विचार करते हैं। क्या किसी भी सरकार के पास कोई आइडिया है कि सदियों से जो सामाजिक असमानता है उसे कैसे दूर करेंगे? शैक्षणिक असमानता को कैसे दूर करेंगे? जन विरोधी सरकारों की नीतियों की वजह से जो आर्थिक असमानता पैदा हुई है और बढ़ती जा रही है उसे कैसे दूर करेंगे? क्या अच्छा नहीं होता है कि सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विषमता को दूर करने की जरूरत पर पहले नहीं तो कम से कम साथ साथ ही विचार किया जाता? भारत में इन विषमताओं की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसकी एक मिसाल इन दिनों सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। देश की सामाजिक विषमताओं पर विचार करने वाले एक सार्वजनिक बुद्धिजीवी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की एक तस्वीर सोशल मीडिया में साझा की, जिसमें राष्ट्रपति दिल्ली के हौजखास स्थित जगन्नाथ मंदिर के दरवाजे से बाहर खड़े होकर पूजा कर रही हैं। इसी के साथ एक दूसरी तस्वीर भी साझा की गई, जिसमें केंद्र सरकार के मंत्री और दिल्ली के उप राज्यपाल उसी मंदिर में अंदर जाकर पूजा कर रहे हैं और भगवान को छू रहे हैं। हालांकि बाद में मंदिर का संचालन करने वाले श्री नीलांचल सेवा संघ के सचिव रविंद्र नाथ प्रधान की ओर से कहा गया कि मंदिर का नियम है कि सिर्फ यात्रा के समय उसे खोला जाता है और उस समय जो मुख्य अतिथि होता है वह मंदिर के अंदर जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंदिर के अंदर जाने के लिए नहीं कहा, अगर वे कहतीं तो उनको अंदर ले जाया जाता। हो सकता है कि मंदिर का ऐसा नियम हो लेकिन इससे मंदिर प्रवेश को लेकर भारत में जो मान्यताएं हैं उनकी एक फॉल्टलाइन जाहिर हुई है। अनेक मंदिरों में प्रवेश को लेकर कई तरह की पाबंदियां हैं। केरल के सबरीमाला मंदिर से लेकर महाराष्ट्र के शनि शिंगणापुर मंदिर में स्त्रियों के प्रवेश के नियमों को लेकर कई विवाद हो चुके हैं। यह विडंबना है कि सबके लिए समान कानून बनाने जा रही मौजूदा सरकार भी चाहती है कि सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर दिया गया सुप्रीम कोर्ट का आदेश लागू न हो।

सामाजिक असमानता के साथ साथ आर्थिक असमानता भारत की एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। देश की संपत्ति थोड़े से लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है और बड़ी आबादी पहले से गरीब होती जा रही है। देश की 60 फीसदी आबादी की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि उसे दो समय के भोजन के लिए सरकार को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। आर्थिक मामलों के जाने माने स्तंभकार रूचिर शर्मा ने हाल में अपने एक लेख में बताया कि दुनिया की 10 उभरती हुई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत इकलौता देश है, जिसके अरबपतियों की संपत्ति उसकी जीडीपी का 60 फीसदी है। फ्रांस के अरबपतियों की कुल संपत्ति देश की जीडीपी का 21 फीसदी है और वहां इसका विरोध शुरू हो गया है। भारत में विरोध तो दूर इस पर चर्चा तक नहीं होती है कि आखिर ऐसी अर्थव्यवस्था कैसे बनी है, जिसमें देश की आधी आबादी यानी 50 फीसदी लोगों का देश की कुल संपत्ति में हिस्सा सिर्फ तीन फीसदी है और एक फीसदी आबादी के पास 40 फीसदी संपत्ति है! अगर राष्ट्रीय आय की बात करें तो वैश्विक असमानता रिपोर्ट के मुताबिक भारत की शीर्ष 10 फीसदी आबादी कुल राष्ट्रीय आय का 57 फीसदी अर्जित करती है। इसमें भी सिर्फ एक फीसदी आबादी ऐसी है, जो 22 फीसदी राष्ट्रीय आय अर्जित करती है। भारत में महिला श्रमिकों की आय में हिस्सेदारी सिर्फ 18 फीसदी है। आर्थिक आंकड़ों की बारीकी में जाएंगे तो इस तरह की अनेक असमानताएं और सामने आती जाएंगी। भारत में जिनको 50 हजार रुपया महीना वेतन मिलता है वे देश के सबसे अधिक वेतन पाने वाले एक फीसदी लोगों में शामिल हैं और 25 हजार रुपए मासिक वेतन वाले शीर्ष 10 फीसदी लोगों में शामिल हैं। सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय के मामले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तीसरे स्थान पर है लेकिन वहां भी अपनी जमीन पर बने मकान में रहने वालों की संख्या सिर्फ सात फीसदी है और सिर्फ 19 फीसदी परिवारों के पास कार, कंप्यूटर, एसी, फ्रीज और टेलीविजन ये पांचों चीजें हैं। भारत में असमानताओं की सूची अंतहीन है। यहां रंग का भेद है। कभी अखबारों में वैवाहिक विज्ञापन उठा कर देखिए। सबको लंबी और गोरी लड़की चाहिए। लिंग का भेद है। भारत सरकार के आंकड़ों पर आधारित प्यू रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक सन् 2000 से 2019 के बीच 90 लाख लड़कियां जन्म लेने से पहले गर्भ में ही मार दी गई। आजादी के बाद से अब तक का मोटा-मोटी अनुमान छह करोड़ लड़कियों के मारे जाने का है।




**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में किसी बड़े की सलाह लें। कार्यालय या घर का कामकाज ज्यादा होने से आपको थोड़ी थकान हो सकती है लेकिन किसी साथी की मदद लेने से काम जल्द पूरे हो जायेंगे। अनावश्यक धन व्यय होनी की हल्की सी चिंता रहेगी। इस राशि के विद्यार्थियों के लिये दिन मिला-जुला रहने वाला है। आपका प्रेम जीवनसाथी के लिए सुखदायक होगा व दाम्पत्य जीवन मे आ रही परेशानियां दूर होगी। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी , वु , वे, वो)**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से सम्पर्क हो सकता है जो आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। आपके रूके हुए काम पूरे हो जायेंगे। अपने व्यक्तित्व के दम पर आप कुछ लोगों को अपने फेवर में कर सकते हैं, जिसका पूरा फायदा आपको मिलेगा। इस राशि के नौकरी कर रहे लोग की आय में बढ़ोतरी होगी। अपने दिमाग को तरोताजा करने के लिए अपने दोस्तों के साथ फोन पर बात करेंगे कारोबार में आ रही सभी दिक्कतें दूर होंगी।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आपका तनाव काफी हद तक ख़त्म हो जायेगा। आपको पैसे कमाने के कई नए मौके मिलेंगे। रचनात्मक काम में लगे लोगों के लिए सफलता से भरा दिन है, उन्हें शोहरत और पहचान भी मिलेगी। लोगों को तेजी से परखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाएं रखेगी। कार्यक्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी। घर में बच्चो की खिलखिलाहट से खुशी का माहौल बना रहेगा। नये करोबार की शुरुआत करना चाहते हैं तो अपने बड़ों की राय जरूर लें।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
आज आपका आत्मविश्वास उच्च रहेगा। सामाजिक कामकाज में आपका मन लग सकता है। आपके साथ कारोबार करने वाले लोग आपके सुझाव से प्रभावित हो सकते हैं। तरक्की मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। संतुलित भोजन करने से आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। आप थोड़े सोच-विचार में रह सकते हैं। बिजनेस कार्य में किसी सहयोगी का सहयोग प्राप्त हो सकता है। खेलते समय बच्चों का ख्याल रखें।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप कुछ नया करने की सोचेंगे। लोगों के बीच आप अपनी वाणी का जादू चला सकते हैं। साथ ही अगर आप सूझ-बूझ से काम लेंगे, तो अतिरिक्त धन कमा सकते हैं। आप जीतोड़ मेहनत के बल पर अपने उद्देश्य को हासिल कर लेंगे। आपको संतान का सुख प्राप्त होगा। धैर्य पूर्वक किया गया विचार फलदायी रहेगा। परिवार की मदद मिलने से सफलता आपके कदम चूमेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सेहत के लिहाज से सब अच्छा रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आप अपनी वर्तमान स्थिति से संतुष्ट रह सकते हैं। बच्चों के साथ आपका समय बेहतर बीतेगा। धन संबंधी परेशानी से राहत मिलेगी। नए लोगों से बात करने से आपको काफी फायदा भी हो सकता है। धर्म कर्म में विश्वास और ज्यादा बढेगा । कुछ कठिन परिस्तिथियां सामने आ सकती है। कारोबार में आपको फायदा होने की संभावना है दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको किसी रिश्तेदार से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपके विवाहित जीवन में आ रही परेशानीया समाप्त हो जाएंगी। किसी बात को लेकर बड़ी बहन से कहासुनी हो सकती है, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जायेगा। कुछ ऐसे लोगों से बात होगी, जिनके पास पैसे कमाने के बहुत अच्छे विचार होंगे। लोगों की मदद से आपकी इनकम बढ़ सकती है। आप अपनी कमियों को निखारने का प्रयास कर सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे, लोगों को किसी अच्छी कपनी से इंटरव्यू के लिए मेल आ सकता है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप कोई ऐसा काम करेंगे, जिससे आपकी तारीफ होगी। किसी भी नए ऑफर के लिए आपको तैयार रहना चाहिए, जो अचानक मिल सकता है। कार्यस्थल पर चीजें आपके अनुसार रहने की संभावना है। सामाजिक कामों को करने में आप सफल रहेंगे, इससे आपका नाम और रुतबा भी बढ़ेगा। जो लोग विवाहित हैं, वह शाम को साथ में डीनर करने का प्लान बनायेंगे। आपके घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**धन : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
आज आपका दिन धार्मिक गतिविधियों में अधिक बीत सकता है। अगर आप कुछ चीजों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने की संभावना है। आपको अपनी चीजों को संभालकर रखना चाहिए। आप अपने जीवनसाथी के नाम पर कुछ निवेश कर सकते, जो कि आगे चलकर बहुत अच्छा साबित होगा। शाम को बच्चों के साथ समय बितायेंगे, इससे बच्चे खुश होंगे। ईमानदारी से किये गये कार्यो में आपको सफलता प्राप्त होगी। माता पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कुछ नया सीखने का मौका आपको मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इस मामले में वरिष्ठ से आपका सहयोग मिलेगा। महिलाओं को दिनभर के कामों के बाद शाम को थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, अपनी सेहत का ख्याल रखें। बच्चों को घर के बडो से कोई सलाह मिल सकती है। करोबारियों को नयी योजना बनाने से फायदा होगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपकी सफलता से खुश होंगे। किसी पुराने मित्र से सम्पर्क बनेगा। सुबह योग करने से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। शेयर बाजार, लॉटरी आदि में पैसा लगाने से बचे, क्योंकि इसमें आपको हानि हो सकती है। कार्यालय मीटिंग के दौरान आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जो आगे चलकर कोई बड़ा फायदा करा सकता है। मेडिकल के छात्रों को कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
आज आप व्यावहारिक रहेंगे। जो लोग कंट्रक्शन का कार्य कर रहे हैं, उन्हें कोई बड़ा कोंट्रेक्ट मिल सकता है। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिलने के योग है। मेहनत से काम करने पर करियर में आपको सफलता मिलेगी, लेकिन सफलता मिलने पर विरोधी भी उत्पन्न हो सकते हैं। अगर आपके मन में किसी तरह का गिला-शिकवा है तो उसे अपने प्रेमी को जरूर बताएं इससे सब ठीक हो जायेगा। भाई बहन के साथ समय बिताने से अच्छा महसूस होगा। लम्बे समय से रूके हुए काम में सफलता प्राप्त होगी।

स्वत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, प्र. संपादक राजकुमार बाली द्वारा जन शक्ति प्रकाशन 24, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक- पी शुक्ल, सह संपादक- दीपक कुमार बाली, (- 9826497220 (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा)



मुख्यमंत्री ने नीम, खिरनी और कचनार के पौधे रोपे




मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम् एवं राष्ट्र-गान जन गण मन का सामूहिक गायन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मनुष्य जीवन दुर्लभ है, जितना हो सके पुण्य करें: संत लाल साईं महाराज

**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर में गुरू पूर्णिमा महोत्सव उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। वेदांत संत लाल साईं महाराज के दरबार टेम्पल आफ सम्बोधि पर गुरु पूनम समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में क्षेत्र के पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, महानगर बैंक के अध्यक्ष सुशील वासवानी, कथावाचक नरेश पारदासानी, सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, पार्षद अशोक मारण, सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव रामकुमार सभनानी, कोषाध्यक्ष नरेश तोलानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, रमेश हिमथानी, घनश्याम बूलचंदानी, सिंधी पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी, घनश्याम लालवानी, मोहन मीरचंदानी, महिला भाजपा नेत्री शीला शामनानी सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने दरबार में मत्था टेका और लाल सांई महाराज से आशीर्वाद लिया।

### गौहर महल में शिल्प बाजार में बाग की इंडिगो प्रिंट और ब्लाक प्रिंट की साड़ियों का आकर्षण



**भोपाल।** मध्य प्रदेश हस्त शिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा गौहर महल में शिल्प बाजार प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 12 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यहां जहां प्रदेश के कई कलाकार भोपाल वासियों के लिए यूनिक पैटर्न और प्रिंट के खादी के कपड़े, कुर्ते सेट, बाग प्रिंट, इंडिगो प्रिंट की साड़ियों के साथ कई जरीदार बैग पर्स लेकर आए हैं। धार जिले के बाग की रहने वाली प्रियंका बहेती के पास क्रिएटिव कलेक्शन हैं। वह बताती हैं कि महिलाओं के बीच इन दिनों सिल्क और काटन में इंडिगो और बाग प्रिंट की साड़ियों की मांग बढ़ी है। इन साड़ियों को कार्यालय और अन्य सादे समारोह में उपयोग की जा सकती हैं। जो महिलाओं द्वारा खूब पसंद भी की जा रही है। वहीं चंदेरी से आए बुनकर फाइज महिलाओं के लिए चंदेरी सिल्क और चंदेरी काटन साड़ियों का भंडार लेकर आए है। उनकी साड़ियां खास और यूनिक हैं। उनके पास हैंडलूम ब्लाक प्रिंट, इंडिगो प्रिंट , वर्ली प्रिंट और कलमकरी की साड़ियां हैं। साड़ियों को बनाने का काम वह पांच पीढ़ियों से करते आ रहे हैं।वहीं मेले में बुदनी के बुनकर सुजान विश्वकर्मा बच्चों के लिए दूधिया लकड़ी के बने खिलौने लेकर आएं हैं।
ये लकड़ी के खिलौने काफी हल्के-फुल्के हैं। बच्चों को कोई हानि नहीं पहुंचाते हैं। लकड़ी के डमरू से लेकर लट्टू और कई तरह के खिलौने उनके कलेक्शन में हैं।

# पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने समाज को जागृत करने का उल्लेखनीय कार्य किया - मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री मंदसौर में जारी कथा में वर्चुअली सम्मिलित हुए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पंडित भीमाशंकर शास्त्री, भागवत कथा के मर्मज्ञ हैं। सामाजिक, धार्मिक और रचनात्मक कार्यो में उनका महत्वपूर्ण योगदान हैं। उन्होंने स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, श्रमदान, मंदिरों के विकास जैसे कार्यो से समाज को जागृत करने का उल्लेखनीय कार्य किया है। पं. शास्त्री बाल विवाह को सामाजिक अपराध मानते हैं और अपनी हर कथा में लोगों से नशे से दूर रहने की बात को दोहराते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंदसौर के मंडी प्रांगण में हो रहे गुरुदेव श्री भीमाशंकर जी शास्त्री की कथा में निवास कार्यालय समत्व से वर्चुअली सम्मिलित हुए तथा गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव शास्त्री जी की महिमा अनंत है। भगवान कृष्ण के उपासक शास्त्री जी द्वारा धर्म की स्थापना और रक्षा के लिए किए गए कार्य महत्वपूर्ण है। नदी, पर्यावरण और गौ-संरक्षण के साथ-साथ शास्त्री जी ने मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सन्मार्ग पर चलने और सद्कर्म के लिए प्रदेशवासियों को उनका आशीर्वाद निरंतर प्राप्त होता रहे, यही हम सबकी कामना है। मंदसौर के मंडी प्रांगण में हुई कथा में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, विधायक श्री यशपाल सिसोदिया, अन्य जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने दी गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट किया कि फ्जीवन को सार्थक बनाने वाले गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का आज विशेष दिन है। इस अवसर पर सभी गुरुजनों को सादर नमन। गुरुजनों के ज्ञान के प्रकाश से हम सबका जीवन सदैव प्रकाशमान रहे, यही प्रार्थना है।

# गैस पाइप लाइन डालने के बाद बिना रेस्टोरेशन छोड़ी 300 किलोमीटर सड़क

**भोपाल।** राजधानी में थिंक गैस कंपनी ने पाइप लाइन डालने के बाद शहर की 300 किलोमीटर सड़कों को बिना मरम्मत छोड़ दिया। इसको लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने उक्त कंपनी को नोटिस भेजने के साथ पेनाल्टी भी लगाई। लेकिन इन सबका असर भी कंपनी प्रबंधन पर नहीं हुआ। अब वर्षा में कीचड़ और गड्ढों से भरी इन सड़कों पर चलने वाले राहगीर व वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। शहर के पास इलाके जैसे एमपी नगर, कस्तूरबा नगर, गौतम नगर, अरेरा कालोनी, शाहपुरा समेत अन्य कालोनियों में पाइप लाइन डालने के निए एक वर्ष पहले खोदाई की गई थी। कंपनी ने बीते आठ माह पूर्व ही इन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा कर लिया। लेकिन खोदी गई सड़कों को बिना मरम्मत ही छोड़ दिया। अब इन सड़कों पर चलना जनता के लिए खतरे से कम नहीं है। उखड़ी सड़कों के बीच दो से चार फीट लंबे-चौड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क की डामर और गिट्टी उखड़ गई है। इनमें पानी भरा होने से सड़कों के गड्ढे समझ में नहीं आते। इसकी वजह से वाहन चालक रात के अंधेरे में दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

### कीचड़ से भरी सड़कें, बेपरवाह बने जिम्मेदार

वर्षा के बाद शहर की सड़कों की हालत बद से बद्तर हो गई है। सड़क के बीचों बीच खोदाई से इनमें मिट्टी और कीचड़ भर गया है। इन सड़कों पर लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। लेकिन इन सड़कों से रोज निकलने वाले नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। लेकिन ना तो संबंधित कंपनी से रेस्टोरशन करवा रहे और ना ही निगम के मद से इन सड़कों का फिर से निर्माण किया जा रहा।

# रेरा द्वारा अधूरी परियोजनाओं को पूरा कराने कार्यवाही जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा ऐसी परियोजनाएँ जो लम्बे समय से अधूरी पड़ी हुई हैं अथवा जिनमें काम बंद है, उन परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी परियोजनाएँ, जिनमें निर्माण की समयावधि व्यतीत हो चुकी है और जिनका समय-सीमा विस्तार भी समाप्त हो चुका है, उन्हें पूर्ण कराने के लिए प्राधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 8 में नियमित समीक्षा की जा रही है। प्राधिकरण अध्यक्ष एवं सदस्य ने इंदौर में संभागायुक्त और जिला कलेक्टर के साथ बैठकें की है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा रतलाम एवं खण्डवा जिलों में अधूरी परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की गई है। बैठकों में ऐसी परियोजनाओं को पूरे किए जाने के लिए स्थानीय स्तर पर सघन प्रयास करने के संबंध में गहन विमर्श हुआ। हाल ही में प्राधिकरण द्वारा आकृति एक्वासिटी, आर्चिड हाइट्स एवं एस्टर सीरीज परियोजनाओं का कार्य मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधो-संरचना विकास मण्डल से कराने का निर्णय इसी संदर्भ में लिया गया है। प्राधिकरण ने इन 3 परियोजनाओं में आकृति एक्वासिटी परियोजना का पंजीयन विभिन्न अनियमितताओं के कारण प्रतिसंहरित किया गया था, जबकि अन्य 2 परियोजनाएँ समय-सीमा समाप्त होने से व्यपगत हो गई थी। भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 8 में ऐसी परियोजनाएँ जो व्यपगत हो गई हैं या जिनका पंजीयन प्रतिसंहरित किया गया है, प्राधिकरण के विवेकाधीन हो जाती हैं और प्राधिकरण उनके बारे में समुचित निर्णय ले सकता है। इन 3 परियोजनाओं में प्राधिकरण ने यह पाया कि प्रमोटर के द्वारा आवंटितियों से प्राप्त की गई राशि का उपयोग अधिनियम के उपबंधों के अनुसार नहीं किया गया है। इस कारण से संचालक श्री राजीव सोनी, श्री हेमंत सोनी, एजी8 वेन्चर्स लिमिटेड पर शास्ति अधिरोपित की गई और निर्धारित राशि परियोजना के खाते में जमा किए जाने के आदेश भी दिए गए थे। प्राधिकरण ने प्रमोटर को तीनों परियोजनाओं के संबंध में आवंटितियों से संबंधित सारे विवरण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया था। एजी 8 वेन्चर्स लिमिटेड के द्वारा उपलब्ध कराए गई जानकारी में अत्याधिक विसंगतियाँ पाई गई। प्राधिकरण ने यह भी पाया कि आकृति एक्वासिटी के लगभग 34 आवंटितियों से कोई आवंटन राशि ही प्राप्त नहीं की गयी थी, जो लगभग 12-15 करोड़ रूपए होती। पर्याप्त वित्तीय संसाधन होने के बावजूद भी एजी8 वेन्चर्स लिमिटेड द्वारा उसके विरूद्ध प्रारंभ हुई दिवालिया घोषित होने की कार्यवाही का विरोध नहीं किया गया। प्राधिकरण के द्वारा ऐसे आवंटितियों के मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया अभी निरंतर है।

# भूमि पूज़न के ढाई माह देरी से शुरु हुआ पिपलानी-खजूरी कला सड़क का निर्माण कार्य

**भोपाल।** भेल क्षेत्र में पिपलानी से खजूरी कला बायपास तक प्रस्तावित 4.2 किलोमीटर सड़क का काम शुरु हो गया है। हालांकि इसका भूमि पूजन करीब ढाई माह पहले हो चुका है। लेकिन काम वर्षा के बाद शुरु किया गया। अब इस सड़क में जगह-जगह दो से चार फीट के गड्ढे हो गए हैं, इनमें वर्षा का पानी भरा होने से दो पहिया वाहन इसमें फिसलकर गिर रहे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन दो लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं। बता दें कि लोक निर्माण विभाग 25 करोड़ रुपये से पिपलानी-खजूरी कला फोर लेन मार्ग का निर्माण करवा रहा है। शुरुआत बी सेक्टर स्थित इलाहाबाद बैंक से लेकर एसओएस बालग्राम तक एक किलोमीटर सड़क से किया गया है। एक तो सड़क पहले से ही क्षतिग्रस्त है, अब निर्माण कार्य के चलते इसके दोनों ओर मिट्टी और खोपरा डालकर समतलीकरण किया जा रहा है। वर्षा होने पर यह मिट्टी और कोपरा सड़क के बीचों-बीच भर जाता है, इससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर एसओएस बालग्राम के सामने और खजूरी कलां के आसपास सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। चार से छह फीट लंबे और चौड़े गड्ढे हैं। रात के अंधेरे में वर्षा का पानी भरा होने से सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देते और दो पहिया वाहन चालक इसमें फिलकर दुर्घटना के शिकार होते हैं।

### झुग्गियां बन रही बाधा, विस्थापन में होगी परेशानी

इस मार्ग पर बी सेक्टर के पास 50, 60 और 100 क्वार्टर झुग्गी बस्ती है। इसके आगे एसओएस बालग्राम के पास बालाजी नगर बस्ती है। इसी तरह खजूरी गांव तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण और लोगों के मकान हैं। ऐसे में इस सड़क की जद में आने वाले 500 से अधिक निर्माण को भी हटाना पड़ेगा। लेकिन वर्षा काल होने से बस्तियों के लोगों को विस्थापित करने में परेशानी होगी।

### इनका कहना है

पिपलानी से खजूरी कला मार्ग का निर्माण कार्य शुरु हो गया है। अभी वर्तमान सड़क के दोनो ओर लेवलिंग का काम किया जा रहा है। जिससे राहगीरों को परेशानी ना हो।

**- चंद्रसेन द्विवेदी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी**

## मध्यप्रदेश में मानसून लेट आया, फिर भी 13 प्रतिशत ज्यादा बरसा

# दो दिन बाद फिर शुरू हो सकता है झमाझम वर्षा का सिलसिला

### जुलाई में 11 से 16 दिन गिरता है पानी; भोपाल और रीवा में बारिश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री भले ही लेट हुई हो, लेकिन यह 13प्रतिशत ज्यादा बरस चुका है। अब उम्मीद जुलाई से है। इस महीने पूरे मानसून की एक तिहाई बारिश का ट्रेंड है। जैसे- भोपाल में 39 इंच सामान्य बारिश है तो 14 इंच बारिश जुलाई में होती है। बड़े शहरों में जबलपुर ही ऐसा है, जहां सबसे ज्यादा 17 इंच से ज्यादा बारिश होती है। हालांकि, पिछले साल भोपाल में ज्यादा 34 इंच तक बारिश हो गई थी। सोमवार दोपहर 1 बजे के बाद भोपाल में मौसम बदल गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इससे पहले धूप और उमस रही। कुछ देर तेज बारिश के बाद फिर धूप खिल गई। रीवा में भी दोपहर से रुक-रुक कर पानी गिर रहा है। मौसम वैज्ञानिकों से दैनिक भास्कर ने जुलाई में बारिश के ट्रेंड को लेकर बात की। भोपाल, इंदौर,



जबलपुर और ग्वालियर में हर जुलाई को कितनी और कितने दिन बारिश होती है? एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश कब हुई? और किस साल में सबसे ज्यादा पानी गिरा था? जानिए इस रिपोर्ट में भोपाल में मानसून की आमद हुए एक हफ्ता बीत गया। अब शहर में बादल तो छा रहे हैं, लेकिन तेज बारिश नहीं हो रही है। मौसम का यह मिजाज दो-तीन दिन और ऐसा ही बने रहने की संभावना है। सावन भी मंगलवार से शुरू हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगलवार को बंगाल की खाड़ी में एक और मानसूनी सिस्टम (लो प्रेशर एरिया) बन रहा है। यदि इसने सही रास्ता पकड़ा यानी यह ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ होता हुआ तो मप्र की तरफ आया तो 6 या 7 जुलाई से भोपाल समेत के ज्यादातर हिस्से में तेज बारिश का एक दौर और आ सकता है। भोपाल में मानसून की आमद हुए एक हफ्ता बीत गया। अब शहर में बादल तो छा रहे हैं, लेकिन तेज बारिश नहीं हो रही है। मौसम का यह मिजाज दो-तीन दिन और ऐसा ही बने रहने की संभावना है। सावन भी मंगलवार से शुरू हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगलवार को बंगाल की खाड़ी में एक और मानसूनी सिस्टम (लो प्रेशर एरिया) बन रहा है। यदि इसने सही रास्ता पकड़ा यानी यह ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ होता हुआ तो मप्र की तरफ आया तो 6 या 7 जुलाई से भोपाल समेत के ज्यादातर हिस्से में तेज बारिश का एक दौर और आ सकता है।

### प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच

प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है। पिछले साल प्रदेश में 46 इंच पानी गिरा था।

### ग्वालियर में सबसे कम बारिश के दिन

बड़े शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर की बात करें तो ग्वालियर ऐसा जिला है, जहां जुलाई में बारिश के दिन कम है। एवरेज 11 दिन पानी बरसता है। भोपाल में 15, इंदौर में 13 और जबलपुर में 16 दिन बारिश होती है।

### जुलाई के दूसरे सप्ताह से बारिश का दौर

जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून का सिस्टम एक्टिव नहीं होने से तेज बारिश का दौर नहीं है, लेकिन दूसरे सप्ताह में जमकर बारिश होने की संभावना है। ऐसा 4 जुलाई से एक्टिव होने वाले नए सिस्टम की वजह से होने का अनुमान है।

### भोपाल में 41 इंच बारिश का रिकॉर्ड

राजधानी भोपाल में जुलाई में खूब बारिश होती है। यहां एक ही महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 को हुई थी। 22 जुलाई 1973 को एक ही दिन में 11 इंच बारिश हुई थी, जो अब तक का रिकॉर्ड है। भोपाल में बारिश के दिनों की बात करें तो जुलाई महीने में एवरेज 15 दिन बारिश होती है। यानी, हर दूसरे दिन पानी बरसता है। महीने की एवरेज बारिश 367.7 मिमी यानी 14.4 इंच है। बारिश के चलते दिन का तापमान 30 और रात में पारा 25 डिग्री से कम रहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लूस्काई ने नए साइन-अप को किया डिसेबल, यूजर्स परेशान

**सैन फ्रांसिस्को।** ट्विटर द्वारा रिडिंग पोस्ट लिमिट्स लागू करने के बाद जैक डोरसी समर्थित ट्विटर राइवल ब्लूस्काई ने नए साइन-अप को डिसेबल्ड कर दिया है। जिसके कारण यूजर्स परेशान हो रहे हैं। ब्लूस्की के स्टेटस पेज के अनुसार, शनिवार देर रात प्लेटफॉर्म का परफॉर्मेंस खराब था। एक अपडेट में, प्लेटफॉर्म ने कहा कि हम अभी भी लार्ज ऑफ यूजर्स और इंक्रीज इन ट्रैफिक को समायोजित करने के लिए काम कर रहे हैं। इस संबन्ध में रविवार को, प्लेटफॉर्म ने पोस्ट किया ?कि साइन अप वर्तमान में डिसेबल्ड हैं जैसा कि पॉपुलर विद फ्रेंड्स फीड है, सर्विस सही ढंग से चलनी चाहिए। ऐसा लगता है कि ब्लूस्काई पर लार्ज ऑफ यूजर्स और इंक्रीज इन ट्रैफिक ट्विटर पर हाल ही में घोषणा की गई रिडिंग लिमिट्स के कारण थी। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि डेटा स्क्रैपिंग और सिस्टम हेरफेर को रोकने के लिए एक दिन में कौन कितने पोस्ट पढ़ेगा, इस पर अस्थायी सीमाएं लागू की गई हैं। हालांकि उनका स्पष्टीकरण तब आया जब भारत सहित दुनिया भर में लाखों यूजर्स ने उनकी आलोचना की। क्योंकि माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को विश्व स्तर पर एक बड़ी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसने हजारों यूजर्स को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंचने से रोक दिया। इस बीच, पिछले हफ्ते जैक डोर्सी समर्थित ट्विटर प्रतिद्वंद्वी ब्लूस्काई ने नए मॉडरेशन और सुरक्षा टूलींग के लिए कुछ प्रस्ताव पेश किए थे, जिस पर कंपनी वर्तमान में काम कर रही है। यूजर लिस्ट और रिप्लाई कंट्रोल के साथ, कंपनी ने लेबलिंग, मॉडरेशन कंट्रोल्स और हैशटैग भी पेश किए हैं। इसमें यूजर्स लिस्ट और रिप्लाई कंट्रोल शामिल हैं।

### आतंकी हमले में पाकिस्तान के कई सैनिकों की मौत

**.क्वेटा ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में रविवार को एक आतंकी हमले में कई सैनिकों के मारे जाने की खबर है। फिलहाल, 4 फौजियों के मारे जाने की ही पुष्टि की गई है। इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है। इस साल के शुरुआती 6 महीनों में कुल मिलाकर बलूचिस्तान में फौज पर 16 हमले हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें 37 सैनिक मारे गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी फौज ने सिर्फ 19 सैनिकों के मारे जाने की जानकारी दी है। यह हमला दानासर इलाके में हुआ जो शेरानी तहसील में आता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फौजियों के अलावा तीन पुलिसकर्मी भी मारे गए हैं। अब तक यह साफ नहीं हुआ है कि चेक पोस्ट को बम से उड़ाया गया या फिर फायरिंग की वजह से यह फौजी और पुलिस वाले मारे गए हैं।

### ईरान में 532 मिलियन लीटर डीजल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान ने दक्षिणपूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में 532 मिलियन लीटर डीजल की तस्करी के प्रयास के आरोप में 66 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारियां करने वाले ईरान के खुफिया मंत्रालय और इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स के खुफिया संगठन ने ईंधन को जब्त किया। फ़ार्स समाचार एजेंसी के अनुसार, 8 संदिग्ध ईंधन तस्करी नेटवर्क के सदस्य थे, जो दक्षिणपूर्वी ईरान में सक्रिय रहते हैं। उन पर सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में बिजली संयंत्रों, औद्योगिक इकाइयों और मछली पकड़ने वाले जहाजों के बीच ईंधन वितरण करने का आरोप हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार जब्त किए गए 532 मिलियन लीटर डीजल की कीमत 340 मिलियन डॉलर आंकी गई हैं। ईंधन की लागत पर सरकारी सब्सिडी के कारण ईरान में ईंधन तस्करी आम हैं।

### अफगानिस्तान के नंगरहार में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, 168 घायल

**जलालाबाद (अफगानिस्तान)।** ईद अल-अधा की छुट्टियों के दौरान अफगानिस्तान के पूर्वी नंगरहार प्रांत में सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 168 अन्य घायल हो गए। सरकारी बख्तर समाचार एजेंसी ने कहा कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण प्रांत के विभिन्न इलाकों में दुर्घटनाएं हुईं, इससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 168 अन्य घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि सभी घायल यात्रियों को अस्पतालों में ले जाया गया।

## पुलिस फायरिंग में मारा गया था नाबालिग

# फ्रांस में हिंसा जारी, अब तक 3000 गिरफ्तार

### दादी बोलीं- स्कूलों पर हमले बंद करो, दंगा रोको



**पेरिस।** फ्रांस में 17 साल के लड़के की पुलिस के हाथों मौत होने के बाद शुरू हुई हिंसा लगातार जारी है। फ्रांस की मीडिया के मुताबिक, पुलिस ने रविवार को 49 लोगों को गिरफ्तार किया। इससे पहले रविवार को 719 और शुक्रवार को 1,300 लोग गिरफ्तार किए गए थे। फ्रांस में अब तक 3 हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पेरिस पुलिस चीफ ने कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि दंगे खत्म हो गए हैं। नुकसान कम हुआ है, लेकिन हम आगे भी पूरी सावधानी रखेंगे। पुलिस की गोली से मारे गए नाहेल की दादी ने रविवार को लोगों से दंगा न करने की अपील की। उन्होंने कहा- दंगे बंद करो, चीजों को नष्ट करना बंद करो। खिड़कियों को मत तोड़ो, स्कूलों पर हमले मत करो। हम चाहते हैं कि चीजें ठीक हो जाएं। उनकी अपील के बाद हिंसा में कमी देखी गई। 27 जून को फ्रांस की राजधानी पेरिस के सब-अर्बन एरिया नेन्तेरे में दो पुलिस अफसरों ने एक कार को रोका। बहस के दौरान पुलिस अफसर ने गाड़ी चला रहे 17 साल के नाहेल के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से नाहेल की मौत हो गई थी। इसके बाद देश में हिंसा भड़क गई जो अब तक जारी है। हिरासत में लिए गए ज्यादातर नाबालिग फ्रांस में दंगों के चलते हिरासत में लिए गए ज्यादातर नाबालिग हैं। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डरमनिन ने बताया कि हिरासत में लिए गए 2 हजार से ज्यादा लोगों की औसत उम्र 17 साल है। हिंसा में 50 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी घायल हो चुके हैं। दंगाईयों ने 26 पुलिस स्टेशन समेत 74 बिल्डिंग्स को नुकसान पहुंचाया है। 577 से ज्यादा गाड़ियों को आग के हवाले किया जा चुका है। मेयर के घर पर हुआ हमला, पत्नी-बेटों ने भागकर जान बचाई दंगाईयों ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात पेरिस के नजदीकी इलाके के मेयर के घर पर हमला बोल दिया। उन्होंने मेयर के घर में एक कार घुसा दी और उसमें आग लगा दी। इस दौरान मेयर की पत्नी और उनके 5 और 7 साल के दो बेटे घर में मौजूद थे। तीनों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान उनकी पत्नी और एक बेटा घायल हो गया। मेयर के इसी घर में कार घुसाकर आग लगाने की कोशिश की गई। बचकर भागने के दौरान मेयर की पत्नी के पैर में चोट आ गई। नेताओं से मुलाकात करेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों सोमवार को दोनों सदनों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। मैक्रों मंगलवार को 220 टाउन और शहरों के मेयर्स से भी मिलेंगे।

## 5जी सिग्नल से फ्लाइट्स ऑपरेट करने में आ सकती दिक्कत, अमेरिका के प्लेन को खतरा




**वाशिंगटन।** 5जी सिग्नल से फ्लाइट्स ऑपरेट करने में दिक्कतें आने की आशंका व्यक्त की जा रही है। खासकर इससे अमेरिका में हवाई यात्रियों के लिए एक नई मुश्किल पैदा हो सकती है। विमानों के लेट और कैंसल होने का खतरा बढ़ गया है। खराब मौसम के कारण पिछले हफ्ते करीब 9,000 फ्लाइट्स कैंसल करनी पड़ी थी और हजारों फ्लाइट्स तय समय पर नहीं उड़ पाई थीं। लेकिन अब 5जी नेटवर्क के कारण एक बार फिर विमानों की आवाजाही पर असर पड़ने की आशंका है। वायरलेस प्रोवाइडर देश के बड़े एयरपोर्ट्स के करीब नया 5जी सिस्टम लगा रहे हैं। एविएशन ग्रुप कई साल से चेतावनी दे रहे हैं कि 5जी सिग्नल्स से एयरक्राफ्ट के इक्विपमेंट प्रभावित हो सकते हैं। इससे खासकर रेडियो वेव्स का इस्तेमाल करने वाले उपकरणों के प्रभावित होने की सबसे ज्यादा आशंका है। इन उपकरणों से पता चलता है कि विमान कितनी ऊंचाई पर उड़ रहा है और लो विजिबिलिटी की स्थिति में विमानों के उतरने में इनकी अहम भूमिका है। बता दें कि पिछले साल जब टेलिकॉम कंपनियों ने 5जी नेटवर्क शुरू किया था तो इससे हजारों फ्लाइट्स प्रभावित हुई थीं। तब इन कंपनियों ने बिजी एयरपोर्ट्स के करीब सिग्नल्स की पावर को सीमित करने पर सहमति जताई थी। यह बात अलग है कि इससे एयरलाइन कंपनियों को अपने विमानों को अपग्रेड करने के लिए एक साल का समय मिल गया था। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में पायलटों की सबसे बड़ी यूनियन के लीडर का कहना है कि क्रू 5जी के असर को हैंडल करने में सक्षम होंगे लेकिन जिस तरह वायरलेस लाइसेंस दिए गए हैं, उससे एविएशन के लिए अनावश्यक खतरा पैदा हो गया है। ट्रांसपोर्टेशन सेक्रेटरी ने हाल में कहा था कि फ्लाइट्स ऑपरेट करने में दिक्कत हो सकती है क्योंकि कुछ विमानों को अभी अपग्रेड नहीं किया गया है।

## गर्मी से परेशान PAK डिफेंस मिनिस्टर नहर में कूदे



**सियालकोट।** पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें 73 साल के आसिफ गर्मी से राहत पाने के लिए एक ब्रिज से नहर में छलांग लगाते दिख रहे हैं। उन्होंने काफी देर तक ठंडे पानी में तैराकी का लुत्फ लिया। अकसर अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले आसिफ ने कुछ महीने पहले पाकिस्तान को 'ऑलरेडी डिफॉल्ट नेशन' कह दिया था। बाद में प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने उन्हें फटकार भी लगाई थी। 'डेली पाकिस्तान' की रिपोर्ट के मुताबिक डिफेंस मिनिस्टर आसिफ अपने होम टाउन सियालकोट आए हुए थे। इसका मकसद अक्टूबर में होने वाले आम चुनाव की तैयारियों का जायजा लेना था। रविवार को उनका काफिला एक गांव से गुजर रहा था। उस वक्त वहां काफी तेज गर्मी और उमस थी। आसिफ ने ड्राइवर से गाड़ी रोकने को कहा। इसके बाद शॉर्ट्स और टी-शर्ट पहनी। इसके बाद वो साथियों को लेकर ब्रिज की रेलिंग पर चढ़ गए। इस दौरान समर्थक हौसला अफजाई के लिए नारे लगाते भी दिखे। चंद सेकेंड में आसिफ ने नहर में छलांग लगा दी। इसके बाद काफी देर तक वो तैराकी का लुत्फ लेते रहे। हालांकि जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कुछ लोगों ने आसिफ की हिम्मत की दाद दी तो कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने इसे बेहूदा, गैर जिम्मेदाराना और खतरनाक हरकत बताया। फरवरी में ख्वाजा मोहम्मद आसिफ के एक बयान ने दुनिया को हैरत में डाल दिया था। आर्मी के एक प्रोग्राम में आसिफ ने कहा था- पाकिस्तान पहले ही दिवालिया हो चुका है। हम सब एक डिफॉल्ट हो चुके देश में रह रहे हैं। अब IMF भी हमारी मदद नहीं कर सकता। रक्षा मंत्री ने देश के आर्थिक हालातों को लेकर नेताओं और नौकरशाही को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था- पाकिस्तान के संविधान का पालन नहीं किया गया। आसिफ ने इमरान की सरकार पर देश में आतंकियों को पनाह देने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ साल पहले आतंकियों को देश में बसाया गया, जबकि सरकार के आलोचकों को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। हमने आकर हालात बदले।

# अलीबाबा के को-फाउंडर जैक मा अचानक पाकिस्तान पहुंचे



**इस्लामाबाद।** चीनी अरबपति और अलीबाबा के को-फाउंडर जैक मा ने अचानक पाकिस्तान का दौरा किया है। जैक मा की इस अनएक्सपेक्टेड विजिट ने दुनियाभर के एनलिस्ट्स के बीच हलचल बढ़ा दी है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जैक की इस यात्रा और वहां के कार्यक्रमों के बारे में चीनी दूतावास को कोई भी जानकारी नहीं दी गई थी। बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट के पूर्व चेयरमैन मुहम्मद अजफर अहसन ने जैक मा के पाकिस्तान यात्रा की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जैक 29 जून को लाहौर पहुंचे थे और 23 घंटे तक रुके थे। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान जाने से पहले जैक मा नेपाल में काठमांडू के द्वारिका होटल में रूक थे। वह लोकप्रिय थमेल, कालीमाटी मार्केट और भक्तपुर दरबार स्क्वायर भी गए थे। मुहम्मद अजफर अहसन नाम के ट्विटर यूजर ने इन दोनों फोटो को शेयर किया है। उन्होंने, दावा किया है कि ये तस्वीरें जैक मा की पाकिस्तान यात्रा के दौरान की हैं। 30 जून को पर्सनल जेट से वापस चीन लौटे जैक मा यात्रा के दौरान जैक मा ने सरकारी अधिकारियों और मीडिया से बातचीत करने से परहेज किया। वह एक निजी स्थान पर रुके थे। 30 जून को जैक जेट एविएशन के VP-CMA नाम के पर्सनल जेट से उज्बेकिस्तान और फिर वापस चीन लौट गए। बिजनेसमैन का एक प्रतिनिधिमंडल भी था साथ जैक मा के साथ 7 बिजनेसमैन का एक प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान गया था। इसमें पांच चीन के नागरिक, एक डेनिश और एक अमेरिकी नागरिक था। सभी हॉन्गकॉन्ग के कॉमर्शियल एविएशन सेक्टर से एक चार्टर्ड के माध्यम से नेपाल और वहां से पाकिस्तान पहुंचे थे। यात्रा का पॉजिटिव रिजल्ट आने की उम्मीद जैक मा की पाकिस्तान यात्रा के उद्देश्यों के बारे में जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के लिए जैक मा के यात्रा का सकारात्मक परिणाम आएगा। सोशल मीडिया पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि जैक का यह दौरा पाकिस्तान में बिजनेस के अवसर तलाशने के लिए था। हालांकि, अभी तक किसी बिजनेस डील, बैठक के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई है। आलोचना के

### दूतावास तक को जानकारी नहीं, 7 बिजनेसमैन भी साथ थे

बाद जिनपिंग के निशाने पर आए थे 2021 के अंत में जैक मा ने चीन छोड़ा था। उसके बाद जापान, ऑस्ट्रेलिया और थाईलैंड जैसे देशों से उनकी तस्वीरें सामने आई थीं। ये तस्वीर तब की है जब मा वापस चीन लौटे थे। चीन लौटने के बाद मा अपने होमटाउन हांगझोऊ के युंगु स्कूल पहुंचे थे, जहां अलीबाबा का मुख्यालय भी है। ये स्कूल अलीबाबा की फंडिंग से चलता है। इसमें ज्यादातर बच्चे अलीबाबा के एम्प्लॉइज के हैं। मा ने स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से शिक्षा को मिलने वाली चुनौतियों के बारे में बात की थी। मा कुछ वक्त हॉन्गकॉन्ग में भी रुके थे जहां वो अपने दोस्तों से मिले। अलीबाबा ग्रुप ने मंगलवार को सक्सेशन प्लान की घोषणा की। इसके अनुसार ई-कॉमर्स एग्जीक्यूटिव एडी योंगमिंग वू कंपनी के ष्टश्वह्र के रूप में डेनियल झांग की जगह लेंगे। झांग क्लाउड इंटेलिजेंस ग्रुप पर फोकस करेंगे। झांग अलीबाबा ग्रुप के ष्टश्वह्र और चेयरमैन के साथ-साथ अलीबाबा की क्लाउड इंटेलिजेंस यूनिट के प्रमुख के रूप में काम कर रहे हैं।

# पाकिस्तान को बेहद सख्त शर्तों पर मिला IMF से कर्ज



**इस्लामाबाद/वॉशिंगटन।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी IMF ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान को 3 अरब डॉलर कर्ज देने के प्रपोजल को मंजूरी दे दी। यह मंजूरी 30 जून को दी गई और इसी दिन IMF का प्रोग्राम भी खत्म हो रहा था। इसका मतलब ये कि अगर IMF चंद घंटे और लोन मंजूर नहीं करता तो पाकिस्तान चंद दिन बाद दिवालिया हो जाता। बहरहाल, 3 अरब डॉलर का लोन तो पाकिस्तान को मिल गया है, लेकिन इसके साथ IMF ने तमाम सख्त शर्तें भी हैं। ये वो बातें हैं जो पाकिस्तान की शाहबाज शरीफ सरकार मुल्क को नहीं बता रही है। यहां इन शर्तों के बारे में जानते हैं। IMF ने लोन के साथ जो सख्त शर्तें लगाई हैं, उन्हें पूरा करना शाहबाज सरकार के लिए बेहद मुश्किल होगा। इसकी सबसे बड़ी वजह सियासी है। दरअसल, अक्टूबर में जनरल इलेक्शन होने हैं, और अगर सरकार इन शर्तों को मानती है तो उसकी सत्ता में वापसी बेहद मुश्किल होगी। इसकी वजह ये है कि इन शर्तों को पूरा करने का मतलब है आम जनता पर जबरदस्त बोझ डालना। सरकार को तीन काम फौरन करने हैं और ये आदेश IMF ने दिया है। हर तरह की सब्सिडी खत्म करनी होगी, पेट्रोल-डीजल और बिजली 30त्न तक महंगे करना होंगे और टैक्स कलेक्शन 10त्न तक बढ़ाना होगा। पाकिस्तन के अखबार 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रविवार को पब्लिश रिपोर्ट के मुताबिक- सरकार IMF की शर्तों को कैसे पूरा करेगी अगर इन्हें पूरा किया गया तो इसकी जबरदस्त सियासी कीमत चुकानी होगी। अगर सरकार ने हिम्मत करके ये शर्तें पूरी कर भी दीं तो ये तय है कि उसे फिर सत्ता नहीं मिल पाएगी। पाकिस्तान सरकार ने IMF से 3 अरब डॉलर कर्ज मिलने पर खुशियां तो खूब मनाईं, लेकिन ये नहीं बताया कि इस लोन के साथ शर्तें क्या हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फौज के बजट में भी कटौती को कहा गया है, लेकिन सवाल ये है कि क्या फौज इसके लिए तैयार होगी वो तो हर साल अपने बजट में इजाफा करती है। कहा जा रहा है कि शाहबाज शरीफ ने IMF चीफ क्रिस्टलिना जिर्योजिवा से जो पांच मुलाकातें कीं, उनके पहले शरीफ ने आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से लंबी बातचीत की थी। सवाल ये है कि क्या शरीफ ने मुनीर को फौजी बजट कम करने के लिए तैयार कर लिया है फरवरी में पाकिस्तान बिल्कुल डिफॉल्ट होने की कगार पर था। उसी दौरान वित्त मंत्री डार ने एक बयान दिया। कहा- हम अपने फैसले खुद करेंगे। ढ्ढरूस्न हमें डिक्टेशन नहीं दे सकता। इसके बाद MF की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टलिना जियोर्जिवा ने कहा- सबसे पहले तो पाकिस्तान को एक मुल्क की तरह बर्ताव करना सीखना होगा। पाकिस्तान एक ऐसी खतरनाक जगह बनती जा रही है जहां कर्ज के सहारे ही सिस्टम चल रहा है। सवाल ये है कि IMF आपको लोन देता है, लेकिन आप इसका इस्तेमाल गरीबों की भलाई के बजाय इस तरीके से करते हैं कि इसका फायदा मुल्क के अमीरों को होता है। उस पर इस वक्त 123 अरब डॉलर का कर्ज है। महंगाई दर 40त्न से ज्यादा हो चुकी है। इस डील के बाद पाकिस्तान ऑयल, गैस और फूड प्रोडक्ट्स इम्पोर्ट कर सकेगा और ये शाहबाज सरकार के लिए राहत की बात है, क्योंकि अक्टूबर में आम चुनाव होने वाले हैं ।

# बच्चे पैदा करने पर वर्कर्स को पैसे देगी चीनी कंपनी: हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी

**बीजिंग।** चीन की सबसे बड़ी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी ट्रिप.कॉम अपने कर्मचारियों को बच्चे पैदा करने के लिए पैसे देगी। कंपनी यह कदम देश की बढ़ती बुजुर्ग आबादी और कम होती जन्मदर को ठीक करने के लिए उठा रही है। कंपनी एक जुलाई से कर्मचारियों को बच्चा पैदा करने पर 5.6 लाख रुपए (50 हजार युआन) देगी। इस योजना के तहत कंपनी कुल 1,128 करोड़ रुपए (1 बिलियन युआन) बांटेगी। ट्रिप.कॉम को दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैवल एजेंसियों में गिना जाता है। इसके दुनियाभर में 40 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं।

### चेयरमैन बोले- सरकार को भी देने चाहिए पैसे

कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जेम्स लिआंग ने एक बयान में कहा- मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सरकार को बच्चों वाले परिवारों को रकम देनी चाहिए। खासकर ऐसे परिवारों को जिनमें एक से ज्यादा बच्चे हैं। इससे ज्यादा युवा बच्चा करने की अपनी इच्छा पूरी कर पाएंगे। इस मामले में कंपनी भी एक अहम भूमिका निभा सकती हैं।

### बच्चों के चलते महिलाओं को छोड़नी पड़ती है नौकरी

चीन की कम होती जन्मदर सरकार और नीति बनाने वालों के लिए चिंता का सबब बन चुकी है। चीन में कई महिलाएं एक से ज्यादा बच्चा नहीं चाहतीं। कई ऐसी भी हैं जो एक भी बच्चा नहीं चाहतीं। इसके पीछे कई वजहें हैं। चीन में बच्चे की परवरिश पर अच्छी-खासी रकम खर्च हो जाती है। बच्चे की देखभाल की ज्यादातर जिम्मेदारी महिलाओं पर आ जाती है, इसके चलते महिलाओं को अपनी नौकरी भी छोड़नी पड़ती है। सरकार के राजनीतिक सलाहकारों ने मार्च में प्रस्ताव रखा था कि अविवाहित महिलाओं के लिए फर्टिलिटी सेंटर खोलकर जन्मदर बढ़ाई जा सकती है। वन चाइल्ड पॉलिसी से घटी युवाओं की आबादी चीन में 1980 से लेकर 2015 तक वन चाइल्ड पॉलिसी लागू थी। इसके तहत एक कपल एक ही बच्चा पैदा कर सकता था। इसके चलते चीन में बुजुर्गों की आबादी कम हुई और युवाओं की आबादी बढ़ी। 2021 में सरकार ने लोगों से कहा कि वे 3 बच्चे तक पैदा कर सकते हैं। फिर भी देश में बर्थ रेट नहीं बढ़ रही है। 2022 में चीन की आबादी में 60 साल में पहली बार कम हुई है। पिछले साल चीन के नेशनल बर्थ रेट में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। चीन में साल 2022 में 95 लाख बच्चे पैदा हुए, जबकि साल 2021 में वहां 1 करोड़ 62 लाख बच्चे पैदा हुए थे। 17 जनवरी 2023 को चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने बताया था कि 60 साल में पहली बार वहां की आबादी में 8 लाख 50 हजार की कमी आई है।

# स्टोक्स के तूफानी शतक के बाद भी एशेज के दूसरे टेस्ट में हारी इंग्लैंड



**लंदन।** इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम जीत के लिए मिले 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 327 रनों पर आउट हो गयी। इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतिम क्षणों तक संघर्ष करते हुए 155 रनों की आक्रामक पारी खेली पर किसी अन्य खिलाड़ी का साथ नहीं मिले से वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 43 रनों से मैच जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिली कर ली है। खेल का आकर्षण स्टोक्स की पारी रही जिसमें उन्होंने नौ चौके और इतने ही छक्के लगाये। स्टोक्स की इस बल्लेबाजी से एक समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के हाथ से मैच फिसलता नजर आ रहा था। टीम का स्कोर जिस समय 301 रन था, स्टोक्स आउट हो गये। उसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया पर वे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों से निपट नहीं पा सके। इस मैच में इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के विवादास्पद रुप से रन आउट होने से भी इंग्लैंड के हाथों से मैच निकल गया। है। इसे लेकर प्रशंसकों ने ऑस्ट्रियाई खिलाड़ियों को जमकर कोसा। वहीं एमसीसी सदस्यों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की जगह अगर वे होते तो जीत के लिए ऐसा नहीं करते। उन्होंने इसे खेल भावना के खिलाफ बताया। एमसीसी यानी मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के डेड बॉल कानून (कानून 20) के अनुसार, अनुच्छेद गेंद तब तब डेड नहीं हो जाती, जब तक की गेंद विकेटकीपर या गेंदबाज के हाथ में हो है। वहीं अगर गेंद विकेटकीयर या फील्डर के हाथ में पहुंच जाती है और बल्लेबाज एक्टिव नहीं होता है तो गेंद डेड मानी जाएगी। यहां अगर कानून को बेयरस्टो वाले मामले पर लागू करते हैं तो जब उन्होंने ने क्रीज छोड़ी तो गेंद डेड नहीं थी क्योंकि तब तक गेंद विकेटकीपर तक पहुंची ही नहीं थी। कैरी ने गेंद पकड़ने के तुरंत गेंद को स्टंप्स की ओर दे मारा। बेयरस्टो क्रीज से बाहर निकल गए थे। यदि हम नियम लागू करते हैं तो यह फिर से स्पष्ट हो जाता है कि गेंद डेड नहीं थी, क्योंकि क्षेत्ररक्षण पक्ष ने स्पष्ट रूप से गेंद को डेड नहीं माना था। वही गेंद डेड थी या नहीं, अब इसका फैसला अंपायर को करना होता है। इस मामले में तीसरे अंपायर माराइस इरास्मस ने स्पष्ट रूप से निष्कर्ष निकाला कि गेंद डेड नहीं थी। यही कारण है कि बेयरस्टो को आउट करार दिया गया।



टूर डी फांस साइकिल रेस में भाग लेते हुए प्रतियोगी। इस दौरान अमीरात के एडम येटस पीली जर्सी में नजर आये

## एमसीसी ने ख्वाजा और वॉर्नर से बदसलूकी करने वाले तीन सदस्यों को निलंबित किया

**लंदन।** एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में इंग्लैंड की टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के रन आउट होने बचे बवाल के कारण मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमएसीसी) की जमकर किरकिरी हुई है। बेयरस्टो को आउट दिये जाने से गुस्साये मेजबान टीम के प्रशंसकों और दर्शकों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को बेईमानी तक कह दिया। इसके साथ ही जब लंच के खिलाड़ी पवेलियन जा रहे थे तब भी दर्शक उन्हें 'धोखेबाज, धोखेबाज' कह रहे थे। यहां तक कि ड्रेसिंग रूम की ओर जाते समय 'लॉन्ग रूम' में एमसीसी के सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा के साथ बदसलूकी भी की जिसके लिए एमसीसी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आस्ट्रेलियाई टीम से माफी मांगते हुए अपने तीन सदस्यों को निलंबित तक कर दिया है। एमसीसी ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को गालियां देने वाले और हाथापाई करने वालों की जांच भी की जाएगी। इस मैच में विवाद तब शुरु हुआ जब बेयरस्टो ने कैमरून ग्रीन की बाउंसर गेंद को छोड़ दिया। वह इसके बाद गेंद के 'डेड' होने से पहले ही क्रीज से निकल कर दूसरे छोर पर खड़े अपने साथी के पास जाने लगे। वहीं इसी बीच विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेंद को स्टंप पर मार दिया। इससे बेयरस्टो हैरान रह गए। इस पर तीसरे अंपायर ने रीप्ले देखने के बाद उन्हें स्टंप आउट करार दिया। बेयरस्टो हताश होकर पवेलियन की ओर चल दिए। स्टोक्स ने इस फैसले के खिलाफ मैदानी अंपायरों के सामने ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी। इस बीच लॉर्ड्स में मौजूद दर्शक ऑस्ट्रेलियाई टीम को धोखेबाज धोखेबाज कहने लगे।

## टेनिस का सबसे पुराना टूर्नामेंट विम्बलडन से



**स्पोर्ट्स डेस्क।** टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट विम्बलडन की शुरुआत आज से ऑल इंग्लैंड क्लब लंदन में हो रही है। 146 साल पुराने इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का यह 136वां संस्करण है। 2 विश्व युद्ध और 2020 में कोरोना महामारी के दौरान ही विम्बलडन का आयोजन ब्रेक हुआ है। इसे टेनिस के चार ग्रैंड स्लैम में सबसे प्रतिष्ठित भी कहा जाता है। विम्बलडन में इस साल 2022 की तुलना में करीब 11त्न ज्यादा प्राइज मनी मिलेगी। दोनों सिंगल्स चैंपियन को करीब 24.49 करोड़ रुपए मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 12.25 करोड़ रुपए की प्राइज मनी दी जाएगी। 2023 की प्रतियोगिता में करीब 465 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। पिछले साल पुरुष और महिला चैंपियन को करीब 20.85 करोड़ रुपए मिले थे। ओपन एरा (1968) से पहले विम्बलडन में प्राइज मनी नहीं दी जाती थी। 1968 में टेनिस प्रोफेशनल खेल बना। तब से अब तक के पीरियड को खेल में ओपन एरा कहा जाता है। 1968 में पुरुष चैंपियन को 2000 पाउंड और महिला सिंगल्स चैंपियन को 750 पाउंड दिए गए। 2007 तक महिला और पुरुष वर्ग को अलग-अलग प्राइज मनी मिलती थी। 2008 से ग्रैंड स्लैम में दोनों वर्गों को एक बराबर प्राइज मनी मिलने लगी। बॉल बॉय और बॉल गर्ल्स यहां के बॉल बॉय और गर्ल्स, इस चैम्पियनशिप को खास बनाते हैं। इन्हें BBG के नाम से जाना जाता है। 2005 से BBG 6 के दल में काम करते हैं, जिनमें से 2 नेट पर रहते हैं, 4 कोनों में रहते हैं। इनका काम बॉल को उठाकर खिलाड़ी तक पहुंचाना होता है। चैम्पियनशिप में BBG 1920-30 के दशक में देखे गए थे। इन्हें स्कूल के प्रिंसिपल के द्वारा नामित किया जाता है, हालांकि इन सभी को टेनिस के नियमों पर बेस्ड एक लिखित परीक्षा पास करनी होती है । खिलाड़ियों की ड्रेस टूर्नामेंट में सभी खिलाड़ियों को पूरी तरह से सफेद कपड़े पहन कर ही टेनिस खेलने की परमिशन है। 2022 में विम्बलडन के दौरान इस पर प्रोटेस्ट भी हुए। प्रोटेस्टर्स का कहना था कि महिलाओं के लिए पीरियड्स के दौरान सफेद कपड़ों में टेनिस खेलना चुनौतीपूर्ण रहता है।

### व्यापार की संक्षिप्त खबरें

## भारत में 11 लाख ट्विटर अकाउंट पर लगी थी रोक

**नई दिल्ली।** ट्विटर ने प्लेटफॉर्म पर हो रही कुछ गलत चीजों को रोकने के लिए 26 मार्च से 25 अप्रैल के बीच भारत में चल रहे 11 लाख से ज्यादा अकाउंट्स को ब्लॉक किया था। ट्विटर ने बाल यौन शोषण और नॉन कंसेंसुअल न्यूडिटीजैसी चीजों को बढ़ावा देने वाले 11 लाख 32 हजार 228 ट्विटर अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया था। इतना ही नहीं ट्विटर ने 1 हजार 843 ऐसे ट्विटर अकाउंट्स पर भी ताला लगा दिया जो आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे थे। ट्विटर ने नए आईटी नियम 2021 के कंप्लायंस से जुड़ी अपनी मंथली रिपोर्ट को जारी करते हुए बताया कि कंपनी को ग्रिविएंस रिड्रेसल मैकेनिज्म के जरिए भारत में यूजर्स से 518 शिकायतें मिली थी। इस रिपोर्ट में ट्विटर ने बताया है कि शिकायतों की बारीकी से जांच के बाद 25 अकाउंट्स के सस्पेंशन को रोक दिया लेकिन अन्य अकाउंट्स पर प्रतिबंध को कायम रखा है। ट्विटर को भारत में रहने वाले ट्विटर यूजर्स से दुर्व्यवहार, उत्पीड़न (264), हेटफुल कंडक्ट (84), एडल्ट कंटेंट (67) और मानहानि (51) से जुड़ी सबसे ज्यादा शिकायतें मिली हैं। इससे पहले भी ट्विटर ने 26 मार्च से 25 अप्रैल के बीच 25 लाख 51 हजार 623 इंडियन अकाउंट्स को प्रतिबंध लगाया था।

## जून में विनिर्माण गतिविधियां में आई नरमी: पीएमआई

**नई दिल्ली ।** देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां पिछले महीने जून के महीने में नरम रहीं। हालांकि अनुकूल मांग के बीच नये ऑर्डर में उल्लेखनीय तेजी के साथ उत्पादन के स्तर पर वृद्धि बरकरार है। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) घटकर जून महीने में 57.8 रहा जो मई महीने में 58.7 था। इससे पिछले महीने मई में यह 31 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सर्वे में कहा गया है कि विनिर्माण गतिविधियों में नरमी के बावजूद आंकड़ा परिचालन स्थिति में सुधार को बताता है। मजबूत मांग ने बिक्री, उत्पादन, भंडार निर्माण और रोजगार जैसे अन्य क्षेत्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। जून का पीएमआई आंकड़ा लगातार 24वें महीने समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार को बताता है। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का स्तर संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की एसोसिएट निदेशक पोलियाना डी लीमा ने कहा कि जून के जो पीएमआई आंकड़े हैं, वह फिर से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत में विनिर्मित उत्पादों की मजबूत मांग को बताते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों में सकारात्मक रूचि के साथ विनिर्माण उद्योग को समर्थन मिलता रहा। इससे उत्पादन, रोजगार, खरीद की मात्रा और कच्चे माल भंडार में वृद्धि हुई।

## सरकार की बिना बैटरी के ईवी बेचने की योजना, हो सकते हैं सस्ते



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग ऐसी नीति पर काम कर रही है, जिसमें वाहन बिना बैटरी के बेचे जा सकेंगे और ग्राहक बाद में उनमें बैटरी लगा सकेंगे। साथ ही बैटरी चार्ज करने के बजाय खाली बैटरी देकर चार्ज की हुई बैटरी भी ले सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक बैटरी की अदला-बदली के लिए पूरे देश में ढांचा तैयार करने पर भी विचार किया जा रहा है। 2024 में फेम 2 सब्सिडी खत्म हो जाएगी। ऐसे में इस कदम से लोगों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते हो सकते हैं। उद्योग से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे ईवी के इस्तेमाल को भी बढ़ावा मिलेगा। कुछ लोगों का कहना है कि 2025 तक भारत में बैटरी रहित ईवी की बिक्री शुरु होने और बैटरी की अदला-बदली (स्वैपिंग) के लिए ढांचे पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार हो जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहन की कीमत का 40-50 प्रतिशत हिस्सा बैटरी का ही होता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि पिछले एक साल से इस विषय पर बैठक हो रही हैं। अधिकारी ने कहा कि फिलहाल ईवी में उपयोग होने वाली बैटरी के लिए मानक तैयार करने पर काम चल रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि संबंधित पक्षों की एक बैठक जनवरी और मार्च के दरम्यान हुई थी। नीति आयोग ने बैटरी स्वैपिंग नीति का मसौदा पिछले साल ही सौंप दिया था। अब बैटरी के लिए मानक तैयार करने का काम चल रहा है। यह काम उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधीन भारतीय मानक ब्यूरो की देखरेख में होगा। उन्होंने कहा कि मानक तैयार होने के बाद संबंधित पक्षों की और बैठकें होंगी। ईवी उद्योग भी बदलाव के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

### अर्थजगत

## 2000 के नोट से जुड़ी याचिका हाईकोर्ट में खारिज




**एजेंसी नई दिल्ली।** उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि RBI के पास ऐसा निर्णय लेने के लिए RBI अधिनियम के तहत कोई इंडिपेंडेंट पावर नहीं है। वहीं RBI की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट पराग त्रिपाठी ने कहा था कि RBI का हालिया फैसला नोटबंदी नहीं है और यह केवल करेंसी मैनेजमेंट की एक एक्सरसाइज है। RBI ने 19 मई को 2000 का नोट सर्कुलेशन से वापस लेने का ऐलान किया था। इसके तीन बाद यानी 23 मई से देशभर के बैंकों में इस नोट को बदलने की प्रोसेस शुरू हो गई। लोग बैंकों में अपने नोट बदलने के लिए पहुंच रहे हैं। RBI ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बदलने या अकाउंट में जमा कराने को कहा है। 2000 को नोट बदलने या जमा करने के लिए किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं देने हैं। रिजर्व बैंक ने अपने सर्कुलर में कहा है कि वो 2000 का नोट सर्कुलेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। RBI ने बताया था कि क्लीन नोट पॉलिसी के तहत रिजर्व बैंक ने यह फैसला किया है। लोग किसी भी बैंक में एक बार में 10 नोट बदलवा सकते हैं, जबकि डिपॉजिट की कोई लिमिट नहीं है। RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 जून को बताया था कि 1.8 लाख करोड़ रुपए के मूल्य के 2,000 रुपए के नोट सिस्टम में वापस आ गए हैं। उन्होंने कहा था कि ये नोट कुल सर्कुलेशन का करीब 50त्न है। RBI ने 19 मई को नोट वापस लेने की घोषणा करते हुए बताया था कि 31 मार्च तक 2,000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए था।

### 2016 में मार्केट में आया था 2000 का नोट

2 हजार का नोट नवंबर 2016 में मार्केट में आया था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोट बंद कर दिए थे। इसकी जगह नए पैटर्न में 500 का नया नोट और 2000 का नोट जारी किया गया था। जब पर्याप्त मात्रा में दूसरे डिनॉमिनेशन के नोट उपलब्ध हो गए तो 2018-19 में 2000 के नोटों की छपाई बंद कर दी गई थी।

## 17 जुलाई से महंगी हो जाएंगी टाटा की कारें: कंपनी ने इस साल तीसरी बार बढ़ाए दाम




**एजेंसी नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने एक्सचेंजों को फाइलिंग में बताया कि कारों के अलग-अलग मॉडल्स और वैरिएंट्स की कीमतों में एवरेज 0.6% की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। कंपनी ने प्राइस में बढ़ोतरी के लिए पिछली इनपुट कॉस्ट के अवशिष्ट प्रभाव को जिम्मेदार बताया है। टाटा ने इस साल तीसरी बार बढ़ाए दाम फरवरी 2023 के बाद कंपनी ने यह इस साल तीसरी बार अपने पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों को बढ़ाने का ऐलान किया है। इससे पहले कंपनी ने 14 अप्रैल को अपने सभी वैरिएंट और मॉडल की कीमतों में एवरेज 0.6त्न की बढ़ोतरी करने का फैसला किया था। 13 दिन बाद महंगी मिलेंगी टाटा की कारें अगर आप टाटा मोटर्स की कार खरीदना चाहते हैं तो आपके पास थोड़ी सस्ती कार खरीदने का मौका 16 जुलाई तक यानी 13 दिन तक का है। इसके बाद कंपनी की सभी कारें महंगी मिलेंगी। कंपनी ने 16 जुलाई तक कारों की बुकिंग करने वाले और 31 जुलाई तक डिलीवरी पाने वाले कस्टमर्स को पुरानी कीमतें और ऑफर का लाभ मिलेगा। इस वजह से कारों की कीमतों को बढ़ाने का किया फैसला टाटा मोटर्स ने फाइलिंग में कीमतों में बढ़ोतरी करने की वजह भी बताई है। कंपनी ने बताया है कि ओवरऑल इनपुट कॉस्ट यानी कार की मेकिंग कॉस्ट बढ़ने की वजह से कंपनी ने अपने पैसेंजर व्हीकल्स के दाम बढ़ाने का यह फैसला किया है। 1 अप्रैल से कमर्शियल व्हीकल्स की कीमतें 5% बढ़ाई थीं इससे पहले टाटा मोटर्स ने 1 अप्रैल से अपने कमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों में 5% की बढ़ोतरी की थी। फरवरी में टाटा मोटर्स ने अपने सभी ICE पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतें एवरेज 1.2% बढ़ाने की अनाउंसमेंट की थी। टियागो-EV की कीमत लगभग 20,000 रुपए बढ़ाई वहीं 10 फरवरी 2023 से टाटा मोटर्स ने अपनी टियागो-EV की कीमत लगभग 20,000 रुपए बढ़ा दी थी। 1 अप्रैल से देश में BS6 का दूसरा फेज लागू हो गया है और इसकी वजह से कंपनी की कार की मेकिंग कॉस्ट भी बढ़ गई है।

## पेट्रोल और डीजल कुछ राज्यों में महंगा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.24 डॉलर गिरकर 70.40 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.23 डॉलर की गिरावट के साथ 75.18 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 56 पैसे और डीजल 50 पैसे महंगा हुआ है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल का दाम 50 और डीजल का 49 पैसे बढ़ गया है। इसके अलावा तेलंगाना में भी पेट्रोल और डीजल के दाम में तेजी देखने को मिल रही है। दूसरी ओर राजस्थान में पेट्रोल 31 पैसे और डीजल 28 पैसे सस्ता हो गया है। गोवा, कर्नाटक, झारखंड व हरियाणा में भी पेट्रोल और डीजल सस्ता हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.42 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.74 रुपए और डीजल 94.51 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



# युवाओं के हौसलों की उड़ान

## शिवराज सिंह चौहान

# मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

## पोर्टल पर पंजीयन का शुभारंभ एवं युवाओं से संवाद

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**
द्वारा
4 जुलाई, 2023 । दोपहर 12:00 बजे
रवीन्द्र भवन, भोपाल

- 18 से 29 वर्ष के 12वीं/आईटीआई या अधिक योग्यता वाले मध्यप्रदेश के निवासी युवाओं को पात्रता
- 800 कोर्सेस के क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर
- 10 हजार 500 से अधिक कंपनियों द्वारा पंजीयन
- प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपये स्टायपेंड
- अधिक जानकारी के लिए http://mmsky.mp.gov.in/ पोर्टल पर विजिट करें



"सीखो-कमाओ योजना हमारे युवाओं के सपनों को उड़ान देने की शुरुआत है। हमारा संकल्प है कि प्रदेश के युवा आत्मनिर्भरता के हमारे संकल्प के ध्वजवाहक बनें।"

- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण DDMP @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D/11055/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023